रोहतक

गुरुवार, 11 दिसंबर 2025

पौष मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 312
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 27.3
न्यून. 5.5


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## प्रदेश की चार मुक्केबाजों को राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित



**मुंबई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को हरियाणा की 4 मेडलिस्ट बॉक्सरों को सम्मानित किया। जिसमें भिवानी की बॉक्सर जैस्मिन लंबोरिया, पूजा रानी बोहरा, नूपुर श्योराण और रोहतक की बॉक्सर मीनाक्षी हुड्डा शामिल रही। इंग्लैंड में 4 से 14 सितंबर तक आयोजित हुई वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मीनाक्षी, जैस्मिन और नूपुर श्योराण ने स्वर्ण और पूजा बोहरा ने कांस्य पदक जीता था।






## खबर संक्षेप

### पहली बार आयोजित होगी संयुक्त राष्ट्रीय मुक्केबाजी

**नई दिल्ली।** भारत में पहली बार शीर्ष पुरुष और महिला



मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन एक साथ होने जा रहा है। दोनों वर्गों के लिए 'राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप' का आयोजन ग्रेटर नोएडा की गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में चार से 10 जनवरी तक होगा *एजेंसी*

### सावरकर के नाम वाला सम्मान नहीं लूंगा: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने वीर सावरकर पुरस्कार लेने



से इनकार कर दिया है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान थरूर ने कहा कि वे पुरस्कार समारोह में नहीं जाएंगे। थरूर ने साफ किया कि वह वी.डी. सावरकर के नाम पर दिया जाने वाला कोई भी पुरस्कार स्वीकार नहीं करेंगे और न ही इससे जुड़े किसी कार्यक्रम में शामिल होंगे। *एजेंसी*

**गोवा नाइट क्लब अग्निकांड**

### 4 मालिकों में से एक पकड़ा, पूछताछ जारी

**पणजी/नई दिल्ली।** गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत मामले में क्लब के 4 मालिकों में से एक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी का नाम अजय गुप्ता है। वह दिल्ली का रहने वाला है। गोवा पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। गोवा पुलिस दिल्ली क्राइम ब्रांच ऑफिस में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उसे साकेत कोर्ट में पेश किया गया। *एजेंसी*

### तिरुपति देवस्थानम में अब सिल्क दुपट्टा घोटाला

**तिरुपति।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में एक और



बड़ा घोटाला सामने आया है। 2015 से 2025 के बीच मंदिर प्रशासन को सप्लाई किए गए सिल्क दुपट्टों में भारी फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। जिनकी कीमत करोड़ों में वसूली गई। इस घोटाले की रकम लगभग 54 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। *एजेंसी*

### अनिरुद्धाचार्य पर अभद्र टिप्पणी में चलेगा केस

**मथुरा।** लड़कियों पर अभद्र टिप्पणी मामले में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य पर केस चलेगा।



मथुरा की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) अदालत ने यह आदेश दिया है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर ली है। उन्होंने बेटियों के चरित्र को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। यह मामला अक्टूबर 2025 का है। घटना का वीडियो वायरल हुआ था। *एजेंसी*

**सीएम ने शुरू की एकमुश्त निपटान योजना**

# 6.81 लाख किसानों का 2266 करोड़ का ब्याज होगा माफ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

*किसान अगर ऋण की मूल राशि जमा करवाते हैं तो ब्याज माफ होगा*

*2.25 लाख मृत किसानों के परिवार भी उठा सकेंगे लाभ*

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य के प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) से जुड़े किसानों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए बकाया अतिदेय ऋणों के निपटान के लिए एकमुश्त निपटान योजना की घोषणा की। यह योजना 31 मार्च, 2026 तक लागू रहेगी। मुख्यमंत्री बुधवार को सिविल सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में बजट सत्र 2025-26 में किसानों की पैक्स की तरफ बकाया अतिदेय ऋण के निपटान हेतु योजना लाने की घोषणा की थी। इसी के अनुरूप यह योजना लाई गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पैक्स से ऋण लेने वाले किसान यदि अपने ऋण की मूल राशि समिति के खातों में जमा करवाते हैं, तो उनका पूरा बकाया ब्याज माफ किया जाएगा। इस योजना के तहत राज्य के 6,81,182 किसानों व गरीब मजदूरों का 2,266 करोड़ रुपये का ब्याज माफ किया जाएगा।

### ये आएंगे योजना के दायरे में

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना उन सभी कर्जदार किसानों के लिए हैं, जिन्होंने फसली ऋण, काश्तकार ऋण या दुकानदारी के लिए ऋण लिया है, जो 30 सितंबर, 2024 को अतिदेय हो चुके हैं, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना का लाभ 2.25 लाख मृत किसानों के परिवार भी उठा सकते हैं। यदि उनके वारिस मूल राशि को जमा करवाते हैं तो उन्हें भी ब्याज राशि की माफी का लाभ मिलेगा। यह राशि लगभग 900 करोड़ रुपये है। इस योजना के तहत मूल राशि समिति में जमा करने के बाद, किसान एक महीने बाद अपनी जरूरत अगली फसल के लिए तीन किस्तों में नया ऋण भी ले सकते हैं।

### 53821 किसानों को 116 करोड़ जारी

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अगस्त-सितंबर महीने में हरियाणा में भारी बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई थी। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया गया। सरकार ने किसानों को बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए 15 सितंबर तक ई- क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया था। आज इस नुकसान की भरपाई के लिए 53 हजार 821 किसानों को 116 करोड़ रुपए से ज्यादा की मुआवजा राशि जारी की गई है। *(संबंधित खबर पेज 2 पर)*

**तीसरे दिन भी नहीं बनी सहमति, इलाज के लिए भटकते रहे मरीज**

# एस्मा के बावजूद हड़ताल पर रहे डॉक्टर, सीएम की अपील - हम वार्ता को तैयार, काम पर लौटें

1. सीएम बोले, जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो
2. किसी भी प्रकार की राजनीति से दूर रहें डॉक्टर
3. डॉक्टर बोले, मांगें नहीं माने जाने तक हड़ताल जारी रहेगी
4. हम भी संवाद और वार्ता के लिए तैयार

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में एस्मा लगाने के बावजूद डॉक्टर बुधवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। तीन दिन से सामूहिक अवकाश के कारण स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं। जिला अस्पतालों से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिकूल प्रभाव हुआ है। सरकार की ओर से आयुष और एनएचएम स्टाफ को लोगों के उपचार में लगाया गया, बावजूद इसके मरीज और तीमारदारों दिनभर परेशान होते रहे। वहीं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने डॉक्टरों से अपील की कि वे हड़ताल वापस लेकर तुरंत कार्यस्थलों पर लौट आएं ताकि जनता को असुविधा न हो। हम वार्ता के लिए तैयार हैं। वहीं, दूसरी ओर एसोसिशएन पदाधिकारियों का कहना है कि हम हड़ताल करने के पक्ष में नहीं हैं, ना ही जनता को परेशान करना चाहते हैं लेकिन संवाद व समाधान को डाक्टर हर वक्त तैयार हैं।




महम

### इलाज के लिए लगी लंबी लाइनें घंटों इंतजार के बाद वापस लौटे

प्रदेश के सभी जिलों के नागरिक अस्पतालों में बुधवार को मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सरकार की तरफ से कुछ डॉक्टरों की व्यवस्था करने के बावजूद हालात बद से बदतर रहे। अस्पतालों की ओपीडी में भी भारी गिरावट दर्ज की गई। जो भी मरीज इलाज के लिए गए, उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। कई जगहों पर एनआरएचएम और स्कूल हेल्थ स्कीम के तहत कार्यरत आयुर्वेदिक डॉक्टरों ने भी मोर्चा संभाला और मरीजों की जांच की। हालांकि मरीजों की संख्या को देखते हुए यह काफी नहीं था। काफी मरीज बिना इलाज ही लौट गए।

### मरीजों को परेशानी न हो : सीएम



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉक्टरों से आग्रह किया है कि वे अपनी हड़ताल वापस लेकर तुरंत अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौट आएं ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसएमओ की सीधी भर्ती न करने की मांग पर फिलहाल सरकार ने रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की राजनीति से दूर रहें। सरकारी अस्पतालों में लगातार सुधार हुआ है और प्रदेश के लोगों का रुझान भी सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की ओर बढ़ा है। इसके लिए उन्होंने डॉक्टरों को बधाई भी दी।

### सरकार का प्रस्ताव नहीं आया : एसोसिएशन

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजेश ख्यालिया ने बताया कि एस्मा एक आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम है। हमारी लड़ाई भी इसी सेवा को बेहतर बनाने के लिए है। हम चाहते हैं कि डॉक्टर यहां आएं और उनकी कमी दूर हो। हम यह भी चाहते हैं कि हमें पदोन्नति मिले। अभी तक सरकार की ओर से कोई प्रस्ताव नहीं आया है। फिलहाल, हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं और पूरे हरियाणा के अधिकतर डॉक्टर हमारे साथ हैं। मांगें नहीं माने जाने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# इंडिगो फेल हुई तो सरकार ने क्या किया : दिल्ली हाईकोर्ट



हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को लगाई फटकार

4 हजार का टिकट 30 हजार तक कैसे पहुंचा

इंडिगो संकट की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने पूछा कि जब एयरलाइन फेल हो गई थी, तब सरकार ने क्या किया। फ्लाइट्स की टिकट की कीमतें 4-5 हजार रुपये से बढ़कर 30,000 रुपये तक कैसे पहुंच गईं। अन्य एयरलाइंस ने इसका फायदा कैसे उठाया। आपने क्या कार्रवाई की? आपने ही स्थिति को इस हाल तक पहुंचने दिया। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की डिवीजन बेंच जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गई थी कि इंडिगो संकट की स्वतंत्र न्यायिक जांच की जाए और जिन लोगों की फ्लाइट रद्द हुई या जो एयरपोर्ट पर फंसे, उन्हें मुआवजा दिया जाए।

### आर्थिक नुकसान हुआ

कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ व्यक्तिगत यात्रियों का मामला नहीं है, बल्कि इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ है। सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न पैदा हो।

### 8 अफसरों की टीम तैनात

डीजीसीए ने इंडिगो के कॉर्पोरेट दफ्तर में अधिकारियों को तैनात कर दिया है। डीजीसीए की ओर से बनी आठ सदस्यों की ओवरसाइट टीम इंडिगो के कामकाज पर नजर रखेगी। टीम में से दो सदस्य इंडिगो के कॉर्पोरेट दफ्तर में रोजाना तैनात होंगे। डीजीसीए के अधिकारी अब निजी तौर पर इंडिगो के कामकाज को मॉनिटर करेंगे।

**10वीं के लिए सख्त नियम लागू**

# तय सेक्शन में उत्तर नहीं लिखे तो नहीं मिलेंगे नंबर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2026 में होने वाली कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा के लिए छात्रों के लिए निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश खास तौर पर विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षा के लिए हैं। परीक्षा 17 फरवरी 2026 से 10 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएगी। कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में विज्ञान के उत्तर तीन खंडों (जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान) और सामाजिक विज्ञान के उत्तर चार खंडों (इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र) में लिखना अनिवार्य है। हर प्रश्न का उत्तर सिर्फ उसके निर्धारित खंड में ही लिखें, किसी अन्य खंड में न लिखें और न मिलाएं। अगर उत्तर खंडों में मिल जाते हैं, तो उनका मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और अंक नहीं मिलेंगे।

*विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों पर निर्देश*

### पुलिस वैन-कंटेनर भिड़े चार जवानों की मौत

**सागर (हरिभूमि न्यूज)।** नेशनल हाईवे-44 पर बांदरी के पास बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार कंटेनर और पुलिस के बीडीडीएस वाहन में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में पुलिस वाहन में सवार 4 जवानों की मौत हो गई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है। यह टीम बालाघाट में ड्यूटी पूरी कर मुरैना लौट रही थी। टीम में शामिल का डॉग सुरक्षित है। हादसे पर सीएम डॉ. मोहन यादव और डीजीपी सहित जन प्रतिनिधियों ने दुख व्यक्त किया है। मुरैना जिले का बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड बालाघाट में ड्यूटी पर तैनात था।

### मध्यप्रदेश के सागर में ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्रैश

लैंडिंग के समय हवाई पट्टी पर बिगड़ा संतुलन

**सागर।** मध्य प्रदेश में सागर की ढाना हवाई पट्टी पर ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। लैंडिंग के वक्त अनियंत्रित होने के बाद एयरक्राफ्ट की नोज जमीन से आ टकराई। हवाई पट्टी पर मौजूद कर्मचारी तुरंत दौड़े। पायलट को बाहर निकाला। एम्बुलेंस से मेडिकल लेकर आए। पायलट खतरे से बाहर है। हादसा बुधवार दोपहर करीब तीन बजे हुआ। चाइम्स एविएशन एकेडमी के इस एयरक्राफ्ट को ट्रेनी पायलट उड़ा रहे थे। एकेडमी के कर्मचारियों के मुताबिक, लैंडिंग के वक्त पायलट का एयरक्राफ्ट से नियंत्रण छूट गया। वह एक तरफ झुककर रनवे से नीचे आकर क्रैश हो गया। एविएशन एकेडमी के अधिकारियों ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

**कुंभ मेला समेत 15 धरोहरें पहले ही लिस्ट में शामिल**

# दिवाली को यूनेस्को ने विश्व धरोहर किया घोषित पीएम बोले-यह पर्व हमारी सभ्यता की आत्मा

*त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और भी वृद्धि होगी*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूनेस्को ने दिवाली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया। यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र



शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं। इस पर पीएम मोदी ने कहा, 'दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा है।' भारत की 15 अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में शामिल हैं। ये फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में यूनेस्को की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है। यह 8 से 13 दिसंबर तक चलेगी।

*केंद्र ने 10 दिसंबर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके।*

### दिवाली ज्ञान और धर्म का प्रतीक

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बधाई देते हुए लिखा, 'भारत और दुनियाभर के लोग उत्साहित हैं। हमारे लिए दिवाली, संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने से इस त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और भी वृद्धि होगी। प्रभु श्री राम के आदर्श हमें शाश्वत रूप से मार्गदर्शन करते रहें।



### ये ऐसी चीजें जिन्हें छू नहीं सकते लेकिन कर सकते हैं अनुभव

यूनेस्को की यह लिस्ट दुनिया की ऐसी सांस्कृतिक और पारंपरिक चीजों को शामिल करती है, जिन्हें छू नहीं सकते लेकिन अनुभव किया जा सकता है। इसे अमूर्त विश्व धरोहर भी कहते हैं। इसका मकसद है कि ये सांस्कृतिक धरोहरें सुरक्षित रहें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचें। फिलहाल, भारत की 15 धरोहरें पहले से अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में जगह बना चुकी हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छऊ नृत्य भी शामिल हैं।




## किसानों को राहतः मुख्यमंत्री बोले, कांग्रेस दो-पांच रुपये के चेक देकर करती थी मजाक

**भावान्तर भरपाई योजना के तहत बाजरा किसानों को 358 करोड़ 62 लाख रुपये दिए**

# 53821 किसानों को 116 करोड़ की मुआवजा राशि जारी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए अगस्त–सितंबर माह में हुई भारी बारिश से हुए फसली नुकसान की भरपाई के लिए 53,821 किसानों को कुल 116 करोड़ 15 लाख की मुआवजा राशि जारी की। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सिविल सचिवालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज जारी की गई मुआवजा राशि में बाजरे की फसल के लिए 35 करोड़ 29 लाख रुपये, कपास के लिए 27 करोड़ 43 लाख रुपये, धान के लिए 22 करोड़ 91 लाख रुपये और ग्वार के लिए 14 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि शामिल है। इस राशि का भुगतान तुरंत प्रभाव से शुरू कर दिया गया है ताकि अगले एक सप्ताह में पूरी राशि लाभार्थी किसानों के खातों में चली जाएगी। उन्होंने कहा कि गत अगस्त-सितंबर में भारी बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई थी। उन्होंने स्वयं बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया था और किसानों कोनुकसान की भरपाई के लिए गत 15 सितम्बर तक ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया था। इस मौके पर विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**सरकार ने पिछले 11 सालों में किसानों को 15 हजार 448 करोड़ रुपये की राशि दी**



### हिसार, भिवानी व चरखी दादरी में सबसे ज्यादा नुकसान

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के 3 जिलों में अधिक नुकसान हुआ था। इनमें चरखी दादरी के किसानों को सर्वाधिक 23 करोड़ 55 लाख रुपये की राशि जारी की गई है। जिला हिसार को 17 करोड़ 82 लाख और भिवानी को 12 करोड़ 15 लाख रुपये की राशि दी गई है। इससे पहले भी सरकार ने बाढ़ के चलते पशु धन की हानि, मकान क्षति तथा अन्य उपयोगी वस्तुओं के नुकसान की भरपाई के लिए 4 करोड़ 72 लाख रुपये की राशि जारी की है।मुख्यमंत्री ने कहा कि खरीफ सीजन-2025 की फसलों को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 5 लाख 29 हजार 199 किसानों ने 31 लाख एकड़ क्षेत्र का पंजीकरण करवाया है। सत्यापन के बाद 53 हजार 821 किसानों का 1 लाख 20 हजार 380 एकड़ कृषि क्षेत्र क्षतिग्रस्त पाया गया।

### सीएम का कांग्रेस पर कटाक्ष

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ कैसा भद्दा मजाक करती थी ये लोग अच्छे से जानते हैं। कांग्रेस के समय तो पटवारी धरातल पर ठीक से सत्यापन भी नहीं करते थे जिसके कारण किसानों को पूरा मुआवजा नहीं मिलता था। जिन किसानों को मुआवजा दिया भी जाता था उनको भी 2- 2 रुपए और 5- 5 रुपए के चैक दिए जाते थे। कांग्रेस सरकार के 10 साल के शासनकाल में 1 हजार 138 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि जारी की गई थी। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस सरकार तो किसानों के मुआवजा के 269 करोड़ रुपये की राशि भी नहीं दे पाई।

### मुआवजा देना सरकार की जिम्मेदारी

ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल में अनियमितताओं के चलते पटवारी निलंबन के सम्बन्ध में पूछे गए एक अन्य प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से किसानों की फसलों को नुकसान होने पर मुआवजा देना सरकार की जिम्मेदारी है और यह कार्य सरकार लगातार कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर पटवारियों द्वारा अनियमितताएं सामने आई हैं। यह तरीका कांग्रेस शासनकाल की सोच थी, परंतु अब ऐसी गड़बड़ियों की कोई जगह नहीं है।एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने समय रहते ड्रेनों की नियमित सफाई करवाई जिसके कारण किसानों की फसलों को बारिश में अपेक्षाकृत कम नुकसान हुआ। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, राजस्व विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, नगर एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग विशेष सचिव प्रभजोत सिंह, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव यशपाल, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### महानगरीय विकास प्राधिकरणों को 1700 करोड़ की राशि दी

चंडीगढ़। सरकार द्वारा शहरी विकास को सुदृढ़ करने और राज्य की प्रमुख शहरी संपदाओं में बुनियादी ढांचा सुधार को गति देने के उद्देश्य से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और विभिन्न महानगरीय विकास प्राधिकरणों को 1700 करोड़ रुपये की राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट अभिभाषण में बाहरी विकास कार्यों के लिए ईडीसी फंड से 3,000 करोड़ रुपये हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, पंचकूला और हिसार के विकास प्राधिकरणों को आवंटित किए जाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा को मूर्तरूप देते हुए नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने एडीसी फंड के प्रभावी उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

### विशेष जागरुकता कार्यक्रम की समीक्षा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि प्रगति समीक्षा कार्यक्रम के 10 साल पूरे होने पर प्रदेश भर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें राज्य में पूरे हुए प्रोजैक्ट एवं सामाजिक कार्यक्रमों की पूरी जानकारी जनता को उपलब्ध करवाई जाएगी।मुख्यमंत्री प्रगति कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनवरी 2014 में चलाया था जिसके तहत सामाजिक कार्यक्रमों के अलावा अधिकांश विभागों के बड़े-बड़े प्रोजैक्ट की विस्तार से समीक्षा की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएनडीटी एक्ट को प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करने और शिक्षा विभाग में ड्रॉपआउट को रोकने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। इनमें किसी प्रकार की लापरवाही और कोताही न बरती जाए।

### दिग्विजय सहित कई जजपा नेताओं की सुरक्षा वापस ली

चंडीगढ़। जजपा नेताओं को जोर का झटका धीरे से लगा है। जननायक जनता पार्टी के कई नेताओं की सुरक्षा में लगा पुलिस का अमला वापस बुला लिया गया है। वैसे, भी जजपा के कई युवा नेताओं को दी गई सुरक्षा को लेकर कई नेताओं द्वारा सवाल भी उठाए जाते रहे हैं। जुलाना में रैली के बाद में जजपा नेताओं की सुरक्षा को वापस बुला लिया गया है। इन युवा नेताओं में दिग्विजय चौटाला का नाम भी शामिल है। इसके अलावा राहुल फाजिलपुरिया, परमजीत अहलावत और विनेश गुर्जर की सुरक्षा वापस ले ली गई है।यहां पर बता दें कि कुछ नेताओं को जान से मारने की धमकियां दिए जाने के बाद में सुरक्षा दी गई थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह एक सामान्य प्रक्रिया है। सुरक्षा को लेकर समय समय समीक्षा के बाद में बदलाव किया जाता है। जननायक जनता पार्टी के आठवें स्थापना दिवस पर जुलाना में हुई रैली के बाद में यह कार्रवाई हुई है। जानकारी अनुसार जजपा नेताओं की सुरक्षा वापस लेने का सिलसिला शुरू हुआ है। अभी कुछ अन्य की सुरक्षा में भी कटौती हो सकती है। बुधवार को आधा दर्जन जजपा नेताओं की सिक्योरिटी वापस ली है। कुछ इस तरह के भी चेहरे हैं, जिनको मारने की धमकियां और उन पर हमले होने के बाद सुरक्षा दी थी।

### स्पीकर और विधायकों ने देखी संसद की कार्यवाही



चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के नेतृत्व में बुधवार को प्रदेश के 5 मंत्रियों, डिप्टी स्पीकर समेत कुल 38 विधायकों ने लोक सभा की कार्यवाही देखी। इस दौरान सभी ने उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से भी मुलाकात की। उन्होंने लोक सभा की कार्यवाही देखी और आर्ट गैलरी व लाइब्रेरी का अवलोकन भी किया। सभी विधायकों ने इस दौरे को लेकर बेहद उत्साह दिखाया और हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष का इस दौरे को लेकर धन्यवाद किया। बता दें कि हरियाणा विधान सभा देश की पहली ऐसी विधान सभा बनी, जिसके सदस्यों ने अध्यक्ष के नेतृत्व में संसद परिसर का भ्रमण किया तथा सदन की कार्यवाही देखी। नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मंत्री व विधायक इकट्ठा हुए रोडवेज बस से संसद भवन पहुंचे।



## कार्यालय जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, चरखी दादरी

### वर्ष 2026-27 के लिए श्रम एवं दुलाई और परिवहन कार्यों हेतु पुनः ई-निविदा सूचना

एडीसी, चरखी दादरी की अध्यक्षता के तहत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, एफसीआई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी के सम्बन्ध में निविदा कमेटी की उपस्थिति में निम्नलिखित तिथियों को वर्ष 2026-27 हेतु चरखी दादरी मण्डी, बाढड़ा मण्डी, झोझू कलां मण्डी, बोंद कलां मण्डी, बधवाना मण्डी, चप्पार मण्डी, कादमा मण्डी, बेरला मण्डी हेतु परिवहन कार्य और श्रम एवं ढुलाई कार्य तथा कोहलावास (स्टोरेज प्वाइंट) में श्रम कार्य हेतु पुनः ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| कार्य | निविदा जारी / आमंत्रण | निविदा की अन्तिम तिथि | तकनीकी बोली का खुलना और दस्तावेज की जांच | वित्तीय बोली का खुलना और नेगोसिएशन एवं अन्तिम रूप देना | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| परिवहन | 12-12-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | 20-12-2025 अप. 4.00 बजे | 22-12-2025 पूर्वा. 10.00 बजे | 24-12-2025 दोपहर 12.00 बजे अथवा डीएलटीसी के निर्णय के अनुरूप | डीएफएससी कार्यालय, चरखी दादरी |
| श्रम एवं दुलाई | 12-12-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | 20-12-2025 अप. 4.00 बजे | 22-12-2025 पूर्वा. 10.00 बजे | 24-12-2025 दोपहर 12.00 बजे अथवा डीएलटीसी के निर्णय के अनुरूप | डीएफएससी कार्यालय, चरखी दादरी |

1. निविदा प्रपत्र और विस्तृत नियम एवं शर्तें इस विभाग की वेबसाइट अर्थात http://etenders.hry.nic.in, http://haryanafood.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
2. किसी पूछताछ / समस्या के मामले में, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, चरखी दादरी, जिला प्रबंधक, हैफेड और अधिप्राप्ति करने वाली एजेंसियों के एचडब्ल्यूसी से सम्पर्क किया जा सकता है।
3. मार्केटिंग सीजन वर्ष 2025-26 हेतु रबी और खरीद के दौरान खरीदे गये गेहूं, धान, खाद्यान्न, दालें, सरसों, बाजरा, मोटा अनाज और अन्य वस्तुओं के अधिप्राप्ति आंकड़े (यदि आवश्यक हो), सम्बद्ध एजेंसी से किसी भी कार्यदिवस को प्राप्त किये जा सकते हैं।
4. जिला निविदा कमेटी बिना कोई कारण बताए किसी / सभी निविदाओं को स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। निविदा कमेटी द्वारा निविदा की अन्तिम स्वीकृति के पश्चात, किसी प्रचालन हेतु दर की आगे बढ़ौतरी के लिये कोई आग्रह स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. सभी निविदकों से पोर्टल पर अपलोड किए जाने वाले सभी दस्तावेजों पर पृष्ठ संख्या वर्णित करने और पृष्ठ संख्याओं को इंगित करते हुए दस्तावेजों की क्रमवार सारिणी भी तैयार करने का आग्रह किया जाता है।

हस्ता/- हरवीर,
जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, चरखी दादरी

पीआरडीएच-1042/11/141/2026/41064/88/6 दि. 10.12.25


## युवाओं और बेरोजगारों से सरकार कर रही धोखाधड़ी : अनुराग ढांडा

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने प्रदेश की नायब सरकार पर हमला बोला व कहा हर भर्ती में तय सीटों से कम युवा पास किए जाते हैं, हरियाणा के युवाओं का अपमान तुरंत बंद किया जाए। ढांडा ने कहा कि पंजाब में निर्विवाद भर्ती और साफ सुथरी व्यवस्था आप सरकार ने दी है। लेकिन हरियाणा में बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हुए हैं, उसके बाद भी सरकार कई झूठे दावे करने में जुटी हुई है।

### ये बोले आप नेता



चंडीगढ़ प्रेस क्लब में मीडिया से वार्ता के दौरान वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर्स इंग्लिश की लिखित परीक्षा में 613 पोस्ट के लिए 151 युवा ही पास किए गए। आरक्षित वर्ग के 301 पदों में से सिर्फ 17 ही पास किए, इसके पीछे साफ हो रहा कि साजिश हो रही है। भर्ती में तय सीटों से कम युवा पास कर युवाओं का अपमान किया जा रहा है। यह बी सुनियोजित साजिश के तहत हो रहा है। सीईटी का परिणाम तो जारी कर दिया लेकिन कितने अभ्यर्थी पास हुए, यह सरकार नहीं बता रही।

### मुख्य सचिव ने प्ले स्कूलों का किया निरीक्षण

पंचकूला। प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बुधवार को प्ले स्कूल बुढ़नपुर तथा रामगढ़ और बरवाला स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा किया और वहां बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर से बातचीत भी की। उनके साथ महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त और सचिव शेखर विद्यार्थी और विभाग की निदेशक डॉ. प्रियंका सोनी भी मौजूद रहीं मुख्य सचिव ने प्ले स्कूल बुढ़नपुर में तीन से चार वर्ष के बच्चों के लिए चलाई जा रही बाल वाटिका-1 तथा चार से पांच वर्ष के बच्चों के लिए बाल वाटिका-2 का निरीक्षण किया और बच्चों की शिक्षा, आहार और खेल गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली।



### सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील परिसर मे रखी कंडम लोहे की लिफ्ट व नगर परिषद, झज्जर के पुराने कार्यालय परिसर मे नीलामी उपरान्त शेष बचे कंडम सामान जैसे कि एल्यूमिनियम इत्यादि को जहाँ है जैसे है के आधार पर दिनांक 19.12.2025 को दोपहर 02:00 बजे खुली नीलामी के माध्यम से नीलाम करना चाहती है। इच्छुक बोलीदाता मु० 10,000/- रूपयें की राशि बतौर सिक्योरिटी मौके पर जमा करवाने उपरान्त ही बोली लगाने का पात्र होगा। नीलामी समाप्त होने के उपरान्त सफल बोलीदाता को छोड़कर अन्य सभी बोलीदाताओं की सिक्योरिटी राशि मौके पर ही वापिस कर दी जायेंगी।

**नीलामी की नियम एवं शर्ते मौके पर सुनाई जायेगी।**

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद झज्जर।

पीआरडीएच-1078/11/894/2026/41045/88/6 दि. 10.12.2025




### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

SW/JSO/1444

हमकि (1) रविन्द्र कुमार (2) सतपाल पुत्रान जगदीश पुत्र चिरन्जीलाल व (3) राजबीर सिहं (4) जगत सिहं (5) रणधीर सिहं पुत्रान सुरत सिहं पुत्र चिरन्जी व (6) गजराज (7) मनोज पुत्रान जागेराम पुत्र चिरन्जी व (8) रामअवतार पुत्र रायसिहं पुत्र चिरन्जी, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023-24 व इंतकाल न0 1611, 1621 त0म0, के अनुसार अराजी खेवट न0 157/137, खाता न0 159, मु0 न0 38, किला न0 16/2(2-8), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 8 मरले का 2351/3072 भाग, बकदर 1 कनाल 16.73 मरले (0.2295625 एकड़) (जिसमें रविन्द्र कुमार – सतपाल हर दो समभाग 47/3072 भाग व राजबीर सिहं – जगत सिहं – रणधीर सिहं हर तीन समभाग 1/4 भाग व गजराज – मनोज हर दो समभाग 1/4 भाग व रामअवतार 1/4 भाग) वाका रकबा मौजा फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 38, किला न0 16/2 मिन उत्तर (1-16.73), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 16.73 मरले (0.2295625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 10.12.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी- पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंजिल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6

सार्वजनिक सूचना

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में।}

सार्वजनिक नोटिस ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1489 दिनांकः -25.11.2025

संदर्भः

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (31) कम्पनियों का नाम **हरियाणा** राज्य से हटाने के मामले में:

| S. No. | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AB8685121 | U74999HR2015FTC056338 | डैको इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AB8953601 | U63000HR2015PTC054803 | करामात इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AB7093004 | U31909HR2019PTC081270 | लॉजिकमैटिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AB7410850 | U24290HR2019PTC083552 | विटाकैप्स न्यूट्रिएंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AB7965532 | U86900HR2025PTC129873 | सोदाशी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AB7806304 | U55100HR2021PTC094607 | येलो प्लेट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AB9004262 | U66190HR2023PTC114499 | जय मां फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AB7847743 | U72900HR2022PTC102405 | बैगविन गेम्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AB8079956 | U35999HR2022PTC101377 | तरुणश्री इंजीनियर प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AB8162527 | U35105HR2024FTC118001 | टोटलएनर्जीज रिन्यूएबल्स ओए प्रोजेक्ट्स इंडिया 2 प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AB8274394 | U72900HR2017PTC068142 | ऐडन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AB8422653 | U25209HR2020PTC085524 | स्टार्चटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AB8972597 | U47722HR2025OPC137567 | ग्लोफ्लेक्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AB8774378 | U24290HR2022PTC103423 | आइरिस फ्यूल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AB8593978 | U43309HR2024PTC122775 | अर्थशील्ड जियोग्रिड प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AB8632245 | U15100HR2020PTC088323 | सुव्यो स्टर्लिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AB8648812 | U45300HR2023PTC115642 | युनो टेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AB8612727 | U74993HR2022PTC102790 | क्यूरेटेड डिज़ाइन स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AB8685521 | U40300HR2019PTC081986 | सेवओरका प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | AB8634258 | U74999HR2021PTC095924 | आईआईमार्किन कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | AB8642821 | U15201HR2023PTC112079 | सेंसार शू प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | AB8700813 | U72200HR2016PTC066563 | डाइनाकोड स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड |
| 23 | AB8931096 | U28100HR2022PTC102896 | स्टार सीमलेस सिलिंडर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 24 | AB8695436 | U62013HR2024PTC119730 | एसजे ईजी सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 25 | AB8764563 | U78300HR2023OPC112538 | वर्धनाह ग्लोबल सर्विसेज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 26 | AB8782069 | U47110HR2023OPC113344 | फोशनाट ट्रेडिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 27 | AB8891726 | U29309HR2022PTC100472 | पहल फायर प्राइवेट लिमिटेड |
| 28 | AB8815308 | U28191HR2025FTC133911 | हाइलियम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 29 | AB8810951 | U74999HR2022OPC108566 | फूटेक्को सॉल्यूशन्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 30 | AB8870927 | U52500HR2018PTC077111 | कैरटग्रीन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 31 | AB8900567 | U18101HR2022PTC100435 | संभव सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्कृय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्कृय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी ने रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को/कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

रौनक अग्रवाल
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0480/2526


## दिल्ली रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह, जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर लगेगा : राव नरेंद्र

■ नवजोत कौर सिद्धू प्रकरण पर बोले- हर नेता को अनुशासन में रहना चाहिए

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में कई कदम उठाने जा रहे हैं, नए साल में कामकाज गति पकड़ जाएगा। पंजाब में नवजोत कौर सिद्धू द्वारा सीएम फेस के लिए पांच सौ करोड़ की अटैची वाले बयान पर उनका कहना है कि मैं पार्टी का साधारण सा कार्यकर्ता हूं, मुझे पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष बना दिया, कल मुझ पर भी कोई आरोप लगा देगा। उन्होंने कहा कि वैसे तो पंजाब के मामले में कुछ बोलना उचित बात नहीं लेकिन किसी नेता को अगर कोई बात करनी है, तो पार्टी मंच पर करनी चाहिए। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस आफिस में अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से जो भी कार्यक्रम रखे गए, उनमें हमने पूरा बढ़चढ़कर हिस्सा लिया है। हरियाणा और उत्तराखंड के जिला अध्यक्षों को विशेष प्रशिक्षण देने की तैयारी कर ली गई है।

### पार्टी का रैली पर फोकस



हमारा फोकस दिल्ली में 14 को होने वाली राष्ट्रीय स्तर की रैली पर है। सभी जिलाध्यक्षों की ड्यूटी लगाई गई है, ठंड के बावजूद दिल्ली रैली में हरियाणा का योगदान बहुत ही शानदार रहेगा। उन्होंने अनुशासन समिति पदाधिकारियों द्वारा बढ़िया कामकाज करने की बात कही साथ ही कहा कि अनुशासनहीनता के नाम पर लोगों को पार्टी से दूर करना नहीं है, बल्कि उन्हें समझा बुझाकर जोड़ना काम है। एक महिला नेत्री द्वारा बयानबाजी पर नोटिस दिया गया था, उन्होंने गलती को स्वीकार कर लिया और व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होकर भी स्थिति साफ कर दी है।

## आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-2 कर्मियों की अनुबंध अवधि बढ़ी

चंडीगढ़। सरकार ने आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-2 के अंतर्गत स्वीकृत पदों के समक्ष विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों तथा सार्वजनिक उपक्रमों में लगे कर्मचारियों की अनुबंध अवधि 31 मार्च, 2026 (4 माह) तक अथवा सिक्योरिटी ऑफ सर्विस एक्ट, 2024 का पोर्टल क्रियाशील होने तक (जो भी पहले हो) बढ़ाने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस सम्बन्ध में जारी एक पत्र में कहा गया है कि इससे पहले इन कर्मचारियों की अनुबंध अवधि 30 नवंबर, 2025 तक बढ़ाई गई थी। इस संबंध में हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) द्वारा 25 मार्च, 2025 को जारी ज्ञापन में दी शर्तों का सख्ती से पालन किया जाएगा।

### अब तक 95 लाख मतदाताओं का मिलान

चंडीगढ़। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने बताया कि भारत चुनाव आयोग के दिशानिर्देशानुसार प्रदेश में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। अब तक लगभग 95 लाख मतदाताओं का मिलान वर्ष 2002 की अंतिम विशेष गहन पुनरीक्षण सूची से किया जा चुका है। श्रीनिवास ने जिलावार अब तक किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अब तक फतेहाबाद में सर्वाधिक 65.14 प्रतिशत, महेंद्रगढ़ में 64.27 प्रतिशत, सिरसा में 62.65 प्रतिशत, पंचकूला में 30.77 प्रतिशत, फरीदाबाद में 21.06 प्रतिशत तथा गुड़गाव में 15.29 प्रतिशत मिलान किया जा चुका है।



### डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री प्रवीन कुमार शर्मा श्रीमती जय भगवान शर्मा श्रीमती प्रियंका रानी डेयरी एंड करियाना स्टोर शर्मा डेयरी एंड करियाना स्टोर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10347992) | 04-दिस.-2025, रु. 455745.84/- (रुपये चार लाख पचपन हजार सात सौ पैंतालीस और पैसे चौरासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव हवाना, लाल डोरा, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा 136118 में स्थित प्रोपर्टी यूआईडी नं. 585830E00MIS00RL220A, माप 54.001 वर्ग मी., क्षेत्रफल मान (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 581 |
| श्री धर्मबीर श्रीमती राजपति धर्मबीर मिल्क डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10505540) | 04-दिस.-2025, रु. 1169162/- (रुपये ग्यारह लाख उनहत्तर हजार एक सौ बासठ केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव लुदियाना, तहसील पिल्लूखेड़ा जिला जीन्द 126102 में स्थित खेवट नं. 314 मिन, खाता नं. 346, खसरा नं. 96, किल्लाज 11/5(1-12), किते 1 में निहित सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 4356 |
| श्री धर्म पाल मोनू वैरागटी स्टोर श्री अजय पाल श्रीमती चन्द्रवती (प्रोस्पेक्ट नं. IL10633823) | 04-दिस.-2025, रु. 1051189/- (रुपये दस लाख इक्यावन हजार एक सौ नवासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव कागदाना, तहसील नाथूसरी चौपटा, जिला सिरसा हरियाणा 125110 के राजस्व सम्पदा में स्थित खेवट नं. 284 मिन, खतौनी नं. 299 मिन में निहित खेवट नं. 151, नं. 102 किल्ला नं. 4/2/2/2(2-6) में निहित सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2992 |
| श्री अभिषेक सैनी राधे एंटरप्राइजेज दि ड्रीम्स क्रिकेट एकेडमी श्री ऋषभ श्रीमती सीमा सैनी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10806998) | 04-दिस.-2025, रु. 3073088/- (रुपये तीस लाख तिहत्तर हजार अठासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : स्टेशन एरिया, नीलोखेड़ी टाउनशिप, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा 132117 में स्थित मकान नं. 9, माप 74.27 वर्गगज वाली सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1460 |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : 1176/3, प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 11.12.2025

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 13 को

**सिरसा।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ओढां में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह परीक्षा 13 दिसंबर (शनिवार) को जिले के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रिंसिपल ललित कालरा ने बताया कि परीक्षा का समय प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक रहेगा। सभी परीक्षार्थियों को सुबह 10:30 बजे तक अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना अनिवार्य होगा।

### एचआर88बी8888 केवल 26.71 लाख रुपये में बिका

**चंडीगढ़।** बुधवार को हुई वीआईपी नंबरों की नीलामी में वीआईपी नंबर HR88B8888 केवल 26.71 लाख रुपए में बिक गया। पिछली बार की नीलामी में इस नंबर के लिए 1 करोड़ 17 लाख रुपए की बोली लगी थी, लेकिन बोलीदाता दाम नहीं चुका पाया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बोलीदाता की संपत्ति की जांच करने के आदेश दिए थे। इसके बाद परिवहन विभाग को वीआईपी नंबर एचआर 88बी 8888 की दोबारा से नीलामी करवानी पड़ी।

## सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : सुमिता मिश्रा

# गोवा नाइट क्लब में हुए हादसे के बाद हरियाणा अलर्ट पर

**नाइटक्लब, बार, पब जहां डांस फ्लोर होते हैं का तत्काल अग्नि सुरक्षा ऑडिट कराने के आदेश जारी किए**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सूबे की नायब सैनी सरकार ने गोवा में हुए हादसे और नाइट क्लब में 25 जान चली जाने के घटनाक्रम से सबक लेते हुए एहतियात के तौर पर सभी जिला उपायुक्तों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। हरियाणा सरकार ने नाइटक्लब, बार, पब और अन्य मनोरंजन स्थलों, जहां डांस फ्लोर होते हैं, का तत्काल अग्नि सुरक्षा ऑडिट कराने के आदेश जारी किए हैं। यह निर्देश ऐसे प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा में हुई चूकों को देखते हुए जारी किए गए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि ये आदेश सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की आग से संबंधित दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं।

### सात दिन में ऑडिट रिपोर्ट भेजने के निर्देश



राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने हरियाणा में सतर्कता बढ़ाने और सुरक्षा मानकों के कड़े अनुपालन की आवश्यकता पर जोर दिया। सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नाइटक्लब, बार, पब और इसी प्रकार के बड़े जनसमूह वाले प्रतिष्ठानों का व्यापक अग्नि सुरक्षा ऑडिट तुरंत करवाएं। ये ऑडिट राष्ट्रीय भवन संहिता, 2016 तथा हरियाणा अग्नि एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम, 2022 के प्रावधानों के अनुसार ही किए जाएंगे। अधिकारियों को सात दिन की समय-सीमा के भीतर इन ऑडिट को पूरा कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षणों में आपातकालीन निकास द्वारों की उपलब्धता और उनके सही ढंग से कार्य करने की स्थिति, आग बुझाने की व्यवस्थाओं की पर्याप्तता, लाइसेंस और अनुमतियों की वैधता तथा निर्धारित अग्नि और जीवन सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि ऑडिट के दौरान पाए गए किसी भी प्रकार के उल्लंघन या कमी को तुरंत दूर किया जाना चाहिए और इसके लिए कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अग्नि सुरक्षा को मजबूत करें

उपायुक्तों को निर्देशित किया गया है कि वे सात दिनों के भीतर विस्तृत ऑडिट रिपोर्ट, साथ ही उठाए गए या प्रस्तावित कार्रवाई के विवरण के साथ भेजें। वित्त आयुक्त के अनुसार, यह पहल राज्य की अग्नि सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने और हरियाणा के सार्वजनिक स्थलों को किसी भी संभावित दुर्घटना से सुरक्षित रखने के लिए की जा रही है।

## गुरुग्रामः 10 करोड़ की अवैध इम्पोर्टेड शराब मिली, एक्साइज इंस्पेक्टर सस्पेंड



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में अवैध विदेशी शराब के कारोबार का एक बड़ा मामला सामने आया है। सिग्नेचर ग्लोबल टावर के पास शराब की दुकान पर पुलिस और एक्साइज विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। यहां इम्पोर्टेड शराब की करीब 42 हजार बोतलें बरामद की गईं, जिनका बाजार मूल्य लगभग 10 करोड़ रुपए आंका जा रहा है। मामले में एक्साइज विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक्साइज इंस्पेक्टर पवन शर्मा को सस्पेंड कर दिया है और आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच में पता चला है कि ये शराब बिना वैध कस्टम ड्यूटी और एक्साइज ड्यूटी चुकाएं देश में लाई गई थीं। इन बोतलों पर हरियाणा सरकार का अनिवार्य होलोग्राम तक नहीं लगा था।

### दूसरे राज्यों से जुड़े तार

अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान तक इसके तार जुड़े हैं। जानकारों का कहना है कि ड्यूटी फ्री की आड़ में और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए भी ऐसी तस्करी बढ़ रही है, जिस पर सख्ती से अंकुश लगाने की जरूरत है। फिलहाल जांच जारी है और जल्द ही इस मामले में और गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

**डीएनए जांच के बाद सच्चाई सामने आई**

## मर्डर केस में 2 साल सजा काट कर निर्दोष आया मलखान नाथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ तरावड़ी

सोनीपत पुलिस की लापरवाही से तरावड़ी के गांव जोगी माजरा निवासी मलखान नाथ को हत्या के आरोप में 2 साल तक जेल में रहना पड़ा। अब कोर्ट में डीएनए टेस्ट रिपोर्ट के बाद सामने आया कि यह व्यक्ति उस असली आरोपी से बिल्कुल अलग है। मामला सोनीपत की महिला की हत्या से जुड़ा है, जहां करनाल के गांव ललयाणी के रहने वाले मलखान नाथ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। अब पीड़ित ने दोषी पुलिस अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।



मलखान नाथ

**जांच कराई जाएगी**

मलखान नाथ व परिवार के लोग मिले थे। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की है। जांच करवाई जाएगी। दोषी पर उचित कार्रवाई की जाएगी। - **गंगाराम पुनिया, पुलिस अधीक्षक**, करनाल

## फतेहाबादः निजी स्कूलों को नोटिस कमेटी गठित कर सुरक्षा मानक पालना के आदेश

**भूना।** नव ज्योति हाई स्कूल ढाणी भोजराज सांचला में विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर सेफ्टी और अग्निशामक फायर सिस्टम न होने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। खंड शिक्षा अधिकारी निर्मला सिहाग ने ब्लॉक के सभी निजी स्कूल संचालकों को लिखित आदेश जारी कर सुरक्षा मानकों को तुरंत लागू करने के निर्देश दिए हैं। बीईओ द्वारा जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक निजी स्कूल में विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सेफ्टी कमेटी का गठन, स्कूल परिसर में शिकायत पेटी लगाना, खेल मैदान में खेल यंत्रों की नियमित जांच, तथा स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर समिति बनाना अनिवार्य होगा।

**रोहतक पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

## करनाल में गोली चलाने वाला आरोपी मुठभेड़ के बाद काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


रोहतक पुलिस को बुधवार शाम बड़ी कामयाबी मिली। आईएमटी एरिया में एवीटी स्टाफ और एक आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे पीजीआईएमएस भर्ती कराया गया है। आरोपी पर करनाल की कंपनी में 50 राउंड फायरिंग करने का आरोप है। काफी समय से करनाल पुलिस उसकी तलाश में सर्च आपरेशन चला रही थी। जानकारी के अनुसार, एवीटी स्टाफ की टीम को सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने आईएमटी में चैकिंग शुरू कर दी। जहां मोहित निवासी कथूरा बाइक पर सामने से आते हुए दिखाई दिया।

पुलिस ने उसे रुकने के लिए चेतावनी दी तो उसने फायरिंग करनी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। आरोपी पर पहले भी कई जिलों में आठ मामले दर्ज हैं। रोहतक के एसपी सुरेंद्र कुमार भौरिया ने बताया कि आरोपी की काफी समय से तलाश की जा रही थी। जिसके बाद पुलिस को यह

**सात दिसंबर 2021 को केस दर्ज हुआ था**

## पत्नी की हत्या करने वाले पति और ससुर को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश शिफा की अदालत ने महिला की हत्या कर शव को खुर्दबुर्द करने के जुर्म मे पति तथा ससुर को आजीवन कारावास तथा 55-55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष्ज्ञ के अनुसार सुभाष नगर निवासी रिंकू ने सात दिसंबर 2021 को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि उसकी बहन की शादी लगभग दस साल पहले गांव नगूरां निवासी संजय के साथ हुई थी। रीना ने इस दौरान तीन बच्चों को जन्म दिया। बावजूद इसके दहेज को लेकर रीना को परेशान किया जाता था। परिवारिक स्तर पर पंचायतें भी हुई। अब ससुरालीजनों ने योजनाबद्ध तरीके से उसकी बहन की हत्या कर दी ओर शव को खुर्दबुर्द करने की कोशिश की। पुलिस ने सुभाष की शिकायत पर पति संजय तथा ससुर सुबे सिंह के खिलाफ हत्या, अपहरण, शव को खुर्द बुर्द करने का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ मे खुलासा हुआ था कि दोषियों ने रीना पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर मार डाला था।

**मंदिर में थूकने व पेशाब करने का मामला**

## मौलवी सहित दो लोगों पर एफआईआर दर्ज

**टोहाना।** जिले के शहर टोहाना में कुछ लोगों द्वारा गोरखनाथ मंदिर में थूकने और पेशाब कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। लोगों ने सुंदर नगर क्षेत्र में मस्जिद और मदरसे के पीछे बने गोरखनाथ जी के मंदिर के अंदर एक मौलवी द्वारा बार-बार थूकने और पेशाब करने का आरोप लगाया है। हिन्दू संगठनों से जुड़े लोगों का कहना है कि यह सब जानबूझकर किया गया और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है। इस मामले में बुधवार को टोहाना निवासी पालाराम अपने वकील अंकित भलौटिया व हिन्दू संगठनों के सदस्यों के साथ शहर थाने पहुंचा और पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वही इस मामले में टोहाना पुलिस ने मौलवी सहित दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## *विदेश में नौकरी के नाम पर म्यांमार भेजकर गुलामी कराने वाले दो आरोपित गिरफ्तार*

**नारनौल।** पुलिस ने विदेश में अच्छी नौकरी का झांसा देकर युवाओं को म्यांमार में बंधक बनाने और उनसे जबरन साइबर ठगी करवाने के मामले में दो आरोपित जितेंद्र व विजेंद्र निवासी बड़वा, भिवानी को गिरफ्तार किया है, जो युवाओं को सुनहरे भविष्य का सपना दिखाकर साइबर अपराध के जाल में फंसाते थे। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पीड़ित आकाश निवासी ढाणा ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपितों ने उसे थाईलैंड में 80 हजार रुपये मासिक वेतन व कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी का प्रलोभन दिया था। मार्च 2025 में उसे जयपुर से बैंकॉक भेजा गया। जहां से उसे धोखे से अवैध रूप से म्यांमार सीमा पार कराकर केके पार्क स्थित एक कंपनी में ले जाया गया। वहां पीड़ित का पासपोर्ट जब्त कर उसे 15 से 18 घंटे काम करने और लोगों के साथ क्रिप्टो स्कैम व साइबर ठगी करने के लिए मजबूर किया गया।




## केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त 8 सूचना आयुक्त और एक सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति पर विस्तार से चर्चा

# पीएम मोदी व अमित शाह के साथ पीएमओ में राहुल गांधी की 88 मिनट तक हुई बैठक

## राहुल गांधी ने सभी नियुक्तियों पर लिखित रूप में आपत्ति दर्ज कराई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री कार्यालय का एक कमरा और 88 मिनट तक राहुल गांधी के साथ पीएम मोदी और अमित शाह की बैठक। संसद में वंदे मातरम और चुनाव सुधार पर चल रही चर्चा के बीच बुधवार को कांग्रेस नेता के साथ हुई यह बैठक चर्चा के केंद्र में बनी हुई है। इस बैठक में भाग लेने के लिए राहुल गांधी बुधवार को दोपहर में प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचे थे। बैठक बुधवार दोपहर एक बजकर 7 मिनट से हुई थी, जो करीब ढाई बजे समाप्त हुई। यह बैठक करीब 88 मिनट तक चली। बैठक में मुख्य सूचना आयुक्त, 8 सूचना आयुक्त और एक सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति पर विस्तार से चर्चा की गई। राहुल गांधी ने सभी नियुक्तियों पर लिखित रूप में आपत्ति दर्ज कराई।



### सीआईसी के पास 30,838 मामले लंबित

सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 12 (3) के तहत, प्रधानमंत्री समिति के अध्यक्ष होते हैं, जिसमें विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री भी शामिल होते हैं, जो मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए नामों का चयन और सिफारिश करती है। आरटीआई कानून के अनुसार सीआईसी में एक मुख्य सूचना आयुक्त और 10 सूचना आयुक्त होते हैं, जो आरटीआई आवेदकों द्वारा उनके आवेदनों पर सरकारी अधिकारियों के असंतोषजनक आदेशों पर दायर शिकायतों और अपीलों पर निर्णय करते हैं। सीआईसी की वेबसाइट के अनुसार उसके पास 30,838 मामले लंबित हैं। उसके पास केवल दो सूचना आयुक्त आनंदी रामलिंगम और विनोद कुमार तिवारी बचे हैं और आठ पद खाली हैं।

### केंद्रीय सूचना आयोग में अभी 8 पद खाली

यह बैठक देश के नए मुख्य सूचना आयुक्त के चयन को लेकर हुई। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) में मुख्य सूचना आयुक्त सहित अभी 8 पद खाली हैं। कुछ महीनों पहले तक हीरालाल सामरिया भारत के मुख्य सूचना आयुक्त थे, लेकिन 13 सितंबर, 2025 को सामरिया के रिटायर होने के बाद से मुख्य सूचना आयुक्त का पद खाली है। इससे पहले जब भी इन नियुक्तियों को लेकर बैठक हुई है तो विपक्ष का नेता होने के नाते चाहे खरगे हो या राहुल, उन्होंने अपनी आपत्तियां दी हैं। इस बार भी ऐसा ही हुआ है।

## अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी 2030 तक अपने कारोबार में करेगी निवेश

# अमेजन भारत में करेगी 35 अरब डॉलर का निवेश, मिलेगी 10 लाख नौकरियों की सौगात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने भारत में 2030 तक अपने सभी व्यवसायों में 35 अरब अमेरिकी डॉलर का भारी निवेश करने की योजना की बुधवार को घोषणा की। कंपनी का मकसद कृत्रिम मेधा (एआई) संचालित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करना है।

अमेजन ने यह घोषणा माइक्रोसॉफ्ट द्वारा भारत में 2030 तक डेटा सेंटर, एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिज्ञा जताने के एक दिन की है। इससे पहले गूगल ने अगले पांच वर्षों में एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

### लॉजिस्टिक्स जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ेगा

अमेजन ने कहा कि 2030 तक कृत्रिम मेधा और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में उसके निवेश से भारत में अतिरिक्त 10 लाख नौकरियां उत्पन्न करने में मदद मिलेगी। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन..वॉलमार्ट समर्थित फ्लिपकार्ट के साथ-साथ अरबपति मुकेश अंबानी की घरेलू कंपनियों और इटर्नल लिमिटेड की ब्लिंक्ट, स्विगी लिमिटेड की इंस्टामार्ट एवं जेप्टो जैसी तुरंत 'डिलीवरी' करने वाली कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए निवेश बढ़ा रही है।

- एआई संचालित डिजिटलीकरण और रोजगार सृजन पर करेगी ध्यान केंद्रित
- निवेश से भारत में अतिरिक्त 10 लाख नौकरियां उत्पन्न करने में मिलेगी मदद
- माइक्रोसॉफ्ट भारत में 2030 तक डेटा सेंटर, एआई और क्लाउड में करेगी निवेश




### अमेजन भारत में सबसे बड़ा निवेशक

अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ने अब तक भारत में 40 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों से संकलित 'कीस्टोन' की एक रिपोर्ट के अनुसार यह भारत में सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है। अमेजन ने मई 2023 में तेलंगाना और महाराष्ट्र में अपने स्थानीय क्लाउड एवं एआई बुनियादी ढांचे में 2030 तक भारत में 12.7 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना की घोषणा की।

### रोजगार सृजन पर ध्यान होगा केंद्रित

कंपनी ने कहा कि यह निवेश "रणनीतिक रूप से भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है और एआई क्षमताओं के विस्तार, लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, छोटे व्यवसायों के विकास का समर्थन करने तथा रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### संभव शिखर सम्मेलन में घोषणा

उभरते बाजारों के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने 'अमेजन संभव शिखर सम्मेलन' के दौरान कहा, " लाखों भारतीयों के लिए एआई तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाते हुए हम भारत की वृद्धि के लिए उत्प्रेरक बने रहने को लेकर उत्साहित हैं।"

### कंपनी का भारत से निर्यात 80 अरब डॉलर करने का लक्ष्य

अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ने भारत से निर्यात को चौगुना कर 80 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है जो अभी करीब 20 अरब डॉलर है। साथ ही 2030 तक अतिरिक्त 10 लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य रखा है। अग्रवाल ने कहा, "अमेजन ने 2010 से अब तक भारत में 40 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। अब हम 2030 तक भारत में अपने सभी व्यवसायों में 35 अरब अमेरिकी डॉलर का और निवेश करेंगे।"

### अमेजन भारत में 3.7 अरब डॉलर का कर चुकी निवेश

*कंपनी 2016 और 2022 के बीच भारत में पहले ही 3.7 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश कर चुकी है। अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ने भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया है जिसमें पूर्ति केंद्र, परिवहन नेटवर्क, डेटा केंद्र, डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचा एवं प्रौद्योगिकी विकास शामिल हैं।*


### कंपनी ने 2024 में 28 लाख नौकरियां की है सृजित

*'कीस्टोन' रिपोर्ट के अनुसार अमेजन ने 1.2 करोड़ से अधिक छोटे व्यवसायों का डिजिटलीकरण किया है और 20 अरब अमेरिकी डॉलर के संचयी ई-कॉमर्स निर्यात को सक्षम बनाया है जबकि 2024 में भारत में विभिन्न उद्योगों में लगभग 28 लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष नौकरियों सृजित की हैं।*

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट सेंसेक्स 275 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टिकाऊ उपभोक्ता, निजी बैंकों और आईटी शेयरों में बिकवाली के बीच स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 275 अंक गिर गया जबकि निफ्टी में 82 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 275.01 अंक गिरकर 84,391.27 अंक पर बंद हुआ। यह 11 नवंबर के बाद इसका सबसे निचला स्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 85,020.34 के ऊपरी और 84,313.62 के निचले स्तर को छुआ। निफ्टी भी अंतिम घंटे की बिकवाली के दबाव में 81.65 अंक गिरकर 25,758 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती बढ़त को खत्म कर दिया और सेंसेक्स एवं निफ्टी एक महीने के निचले स्तर पर बंद हुए।



निजी बैंकों और आईटी शेयरों में रही बिकवाली, निफ्टी में 82 अंक की गिरावट

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF MS MEENU
Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
**BALRAJ SON OF BANWARI LAL SON OF RAM SARUP**
Vs.
**General Public**
CNR No. HRJR02-000626-2025
Next Date : 30-01-2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
**India**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **30.01.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- MeenuCivil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 06.12.2025

**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDACE OF DEFENDANT**
(Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
Civ Suit No. 942/2019
**BSB MARKETING PVT, LTD.** .....Plaintiff
Vs.
**SUDHIR SHARMA** .....Defendant
**Defendant - SUDHIR SHARMA PROPRIETOR OF M/S SHRI BALAJI TELECOM**
**At-** SHOP NO. 8955, SOHNA ROAD, BALLABGARH, HARYANA - 121004. THROUGH OFFICE OF LD DISTRICT JUDGE, BALLABGARH, HARYANA
WHEREAS you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on 27-01-2026 the day fixed, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this 10-11-2025.
**Sd/- Additional Senior Civil Judge-Cum-Judge**

## चांदी एक दिन में 11,500 रुपये उछलकर 1.92 लाख रुपये प्रति किग्रा पर, सोना भी हुआ तेज

**नई दिल्ली (भाषा)।** वैश्विक संकेतों के कारण मजबूत घरेलू मांग आने के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी 11,500 रुपये की जबर्दस्त उछाल के साथ 1,92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। यह पिछले दो महीनों के दौरान एक कारोबारी दिवस में चांदी की कीमत में आई सबसे बड़ी तेजी रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि स्थानीय खुदरा बाजारों में बुधवार को चांदी 11,500 रुपये चढ़कर 1,92,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। मंगलवार को चांदी 1,80,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। इस साल अब तक चांदी की कीमतों में कुल 1,02,300 रुपये यानी 114.04 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है। इसकी कीमत 31 दिसंबर, 2024 को 89,700 रुपये प्रति किग्रा थी। इससे पहले, चांदी की कीमत में एक दिन की इतनी तेज बढ़ोतरी इस साल 10 अक्टूबर को दर्ज की गई थी। उस दिन इसकी कीमत 8,500 रुपये उछलकर 1,71,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई थी। इस बीच, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 800 रुपये बढ़कर 1,32,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गई, जबकि मंगलवार को यह 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

## आपका पैसा, आपका अधिकार' अभियान में हिस्सा लें : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से 'आपका धन, आपका अधिकार' अभियान में हिस्सा लेने का



बुधवार को आग्रह किया। इसके तहत पिछले दो महीनों में 2,000 करोड़ रुपये की बिना दावे वाली संपत्तियां उनके असली मालिकों को सफलतापूर्वक लौटाई गई हैं। सरकार ने चार अक्टूबर को 'आपका पैसा, आपका अधिकार' राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया था। इसका उद्देश्य बैंक जमा, बीमा, लाभांश, शेयर, म्यूचुअल फंड और पेंशन सहित लावारिस पड़ीं वित्तीय संपत्तियों को उनके वैध दावेदारों तक पहुंचाने में मदद करना है। मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, " सभी हितधारकों खासतौर पर सरकार, नियामक निकायों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के समन्वित प्रयासों से करीब 2,000 करोड़ रुपये पहले ही उनके सही मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। अक्टूबर से पांच दिसंबर 2025 तक 477 जिलों में शिविर आयोजित किए गए। इनमें जन प्रतिनिधियों, जिला प्रशासनों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री लोगों से 'आपका पैसा, आपका अधिकार' आंदोलन में हिस्सा लेने का आग्रह करते हुए कहा, " हम आने वाले दिनों में इस आंदोलन को और व्यापक बनाना चाहते हैं।"

**बिना दावे का 78 हजार करोड़ पड़ा हुआ :** पीएम ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय बैंकों में हमारे ही नागरिकों का बिना दावे का 78,000 करोड़ रुपये पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियों के पास करीब 14,000 करोड़ रुपये की राशि बिना दावे के पड़ी है। साथ ही म्यूचुअल फंड कंपनियों के पास करीब 3,000 करोड़ रुपये और 9,000 करोड़ रुपये की ऐसी लाभांश राशि रखी है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महेन्द्रगढ़ | डॉ. भीमराव स्मारक समिति, डॉ. अम्बेडकर चौक महेन्द्रगढ़ में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर भवन (कमरों का निर्माण) का निर्माण (एमपीएलएडी स्कीम के तहत)। | बंद होने की तिथि 16.12.2025 | रु. 5.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 secy_mgarh@ulbharyana.gov.in |
| 2 | नगर पालिका महेन्द्रगढ़ | एम.सी. महेन्द्रगढ़ में आवारा मवेशियों को पकड़ना। | बंद होने की तिथि 16.12.2025 | रु. 3.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 secy_mgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41062/I/88/6 दि. 10.12.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार | जीजेयू एस एंड टी, हिसार में एससी विद्यार्थियों (120 विद्यार्थियों हेतु) हेतु कन्या छात्रावास का निर्माण। | 15.12.2025 29.12.2025 | रु. 485.68 लाख | http://www.gjust.ac.in/ | 1662263105 uwdgjuhsn@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41056/I/88/6 दि. 10.12.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-35, उद्योग विहार, गुरूग्राम में विभिन्न स्थानों पर कर्ब, चैनल और पेवर ब्लॉक्स के साथ-साथ फुटपाथ का निर्माण। | 12.12.2025 19.12.2025 | रु. .24.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818320496 ia.faridabad@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-35, फेज-VII, उद्योग विहार, गुरूग्राम में एनएच-48 से प्लॉट नं. 80 तक 18 मी. चौड़े रोड और अन्य सेवाओं का निर्माण। | 16.12.2025 29.12.2025 | रु. 182.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0124-2398418 ia.gurugram@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | एचएसआईआईडीसी की सीएसआर स्कीम के तहत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम, पलवल में एक अदद लॉन टेनिस कोर्ट का विकास करना और इंडोर हॉल में पीयू सिंथेटिक फ्लोरिंग का प्रावधान व बिछाना। | 12.12.2025 22.12.2025 | रु. 73.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0124-2398418 ia.gurugram@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/41050/I/88/6 दि. 10.12.25

## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** — व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## एसोचैम अध्यक्ष निर्मल मिंडा ने किया सरकार से आग्रह


# वाहन कलपुर्जों पर शुल्क रियायत दे सोच समझकर

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल कुमार मिंडा ने यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत मोटर वाहन कलपुर्जों पर आयात शुल्क में अंधाधुंध कटौती को लेकर आगाह किया और कहा कि घरेलू




विनिर्माताओं खासतौर पर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को नुकसान से बचाने के लिए ऐसी रियायतें "सोच-समझकर" दी जानी चाहिए। मिंडा ने कहा कि यदि प्रस्तावित समझौते के तहत यूरोपीय संघ (ईयू) को दी जाने वाली शुल्क रियायतों से घरेलू कंपनियों को उन्नत प्रौद्योगिकी, बड़े बाजारों एवं स्थिर आपूर्ति श्रृंखलाओं तक पहुंच मिलती है तो उन पर विचार करना सही होगा खासकर उन उत्पादों के लिए जिनमें भारत को लागत के मामले में लाभ मिलता है। मिंडा ने कहा, हालांकि पूर्ण कटौती से घरेलू आपूर्तिकर्ताओं खासतौर पर एमएसएमई को नुकसान हो सकता है क्योंकि यूरोपीय संघ के घटक अक्सर मजबूत



पैमाने, स्वचालन एवं सब्सिडी वाले होते हैं।" भारत और 27 देशों का यूरोपीय संघ 2007 से एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। नौ दिसंबर को दोनों पक्षों ने समझौते पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। मिंडा अग्रणी मोटर वाहन उपकरण विनिर्माता कंपनी ऊनो मिंडा के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) भी हैं। उन्होंने कहा, " इसलिए किसी भी रियायत को स्पष्ट पारस्परिकता, चरणबद्ध समयसीमा और सुरक्षा उपायों से जोड़ा जाना चाहिए ताकि भारत के विनिर्माण आधार की निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके।"

## शब्द पहेली - 6074




**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

### शब्द पहेली - 6073 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | रा | द | री | ■ | ज | य | मा | ला | ■ |
| बि | ल | ■ | श | ■ | का | य | म | ■ | श | व |
| रा | ■ | म | ह | क | ना | ■ | ज | रा | ■ | र्त |
| द | र | द | रा | ■ | ■ | सा | ■ | ग | रि | मा |
| र | ■ | हो | ■ | व | सु | ध | र | ■ | या | न |
| ■ | कु | श | ल | ■ | दा | ■ | जा | य | ज | ■ |
| मि | ली | ■ | क | रा | मा | त | ■ | म | ■ | अ |
| ला | न | त | ■ | त | ■ | ■ | प | रा | धी | न |
| व | ■ | ल | ता | ■ | अ | च | र | ज | ■ | ब |
| ट | ब | ■ | ली | न | ता | ■ | तं | ■ | मी | न |
| ■ | स | ला | म | त | ■ | मि | त्र | व | त | ■ |



## चिंतन

# दीपावली को मिला ग्लोबल सम्मान

भारत के प्रमुख त्योहार दीपावली को यूनेस्को द्वारा अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया जाना देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस फैसले से दीपावली को ग्लोबल सम्मान मिला है। यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने से दीपावली को विश्वभर में संरक्षण मिलेगा। इससे भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को और मजबूती मिलेगी, साथ ही यह युवा पीढ़ी के बीच पारंपरिक उत्सवों की महत्ता समझने में भी मदद करेगा। इस दिन घर-घर दीप जलाकर, रंगोली सजाकर और खुशियां मनाकर यह उत्सव पूरे देश में बड़े हर्ष उल्लास से मनाया जाता है। यह पहली बार है जब भारत इनटेंजिबल कल्चरल हेरिटेज (आईसीएच) के संरक्षण के लिए इंटर गवर्नमेंटल कमेटी के सत्र की मेजबानी कर रहा है। इस समिति का 20वां सत्र लाल किले में 8 से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। यूनेस्को द्वारा दीपावली उत्सव को प्रतिष्ठित लिस्ट में शामिल किए जाने की घोषणा के बाद 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के नारे हवा में गूंज उठे। अब भारत की 16 चीजें यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल हो गई हैं। इनमें वेद पठन, कुटियट्टम, रामलीला, राम्मन, मुदियेट्टू, कालबेलिया लोक गीत और नृत्य, छाऊ नृत्य, लद्दाख में बौद्ध पाठ, मणिपुर का संकीर्तन, जंडियाला गुरु के ठठेरा बर्तन निर्माण, योग, नवरोज, कुंभ मेला, कोलकाता की दुर्गा पूजा, गुजरात का गरबा और अब दीपावली शामिल हैं। दीपावली भारत के उन चिरस्थायी त्योहारों में से एक है जो अब दुनिया के कई अन्य हिस्सों में भी मनाया जाता है। यूनेस्को ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इनटेंजिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में दीपावली के अलावा घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल किए हैं। यूनेस्को के इस ऐलान के बाद भारत सरकार ने कहा कि दीपावली को इस सूची में शामिल करके यूनेस्को ने नवीकरण, शांति और अच्छाई की जीत के लिए शाश्वत मानवीय अभिलाषा का सम्मान किया है। दीपावली हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह फैसला न सिर्फ भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मान्यता देता है, बल्कि हमारी परंपराओं को संरक्षित करने की जिम्मेदारी भी बढ़ाता है। इसी मौके को देखते हुए केंद्र सरकार ने 10 दिसंबर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके। दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही एक जीवंत परंपरा है। यह अंधकार पर प्रकाश, अज्ञानता पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। हिंदू, जैन, सिख और बौद्ध समुदायों के लिए इसका अलग-अलग धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। दीपक, पटाखे, मिठाइयां और घर की सफाई जैसी प्रथाएं इस त्योहार को एक सामाजिक समारोह बनाती हैं, जो परिवारों और समुदायों को जोड़ती हैं। इसके यूनेस्को की सूची में शामिल होने से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि संस्कृति का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। यह हमारे युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने और परंपराओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगा। यह हमारे लिए एक गर्व का क्षण है, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ाता है। हमें इस त्योहार की मूल भावना प्रकाश, ज्ञान और एकता को बनाए रखना होगा।

# वंदे मातरम् से जन्मा तुष्टिकरण विभाजन



राष्ट्रीय गीत
प्रमोद भार्गव

मुस्लिम तुष्टिकरण की बुनियाद पर भारत को जितनी हानि उठानी पड़ी है, दुनिया के अन्य किसी देश ने नहीं उठाई। इसकी शुरुआत अंग्रेजों ने बंगाल विभाजन से की। इसी कड़ी में वंदे मातरम् गीत के टुकड़े किए गए और फिर देश का भी बंटवारा जिन्ना की अलग मुस्लिम राष्ट्र बनाने की जिद के चलते हो गया, जबकि संपूर्ण वंदे मातरम् गीत भारत की शाश्वत संकल्पना है। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में हुई चर्चा के दौरान गीत के विभाजन के लिए पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सीधे जिम्मेदार ठहराया। अतएव संसद में इस गीत के इतिहास में झांकने की बहस को एक सबक के रूप में लेना चाहिए।

मुस्लिम तुष्टिकरण की बुनियाद पर भारत को जितनी हानि उठानी पड़ी है, दुनिया के अन्य किसी देश ने नहीं उठाई। इसकी शुरुआत अंग्रेजों ने बंगाल विभाजन से की। इसी कड़ी में वंदे मातरम् गीत के टुकड़े किए गए और फिर देश का भी बंटवारा जिन्ना की अलग मुस्लिम राष्ट्र बनाने की जिद के चलते हो गया, जबकि संपूर्ण वंदे मातरम् गीत भारत की शाश्वत संकल्पना है। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में हुई चर्चा के दौरान गीत के विभाजन के लिए पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सीधे जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, 'नेहरू ने जिन्ना की सांप्रदायिक चिंताएं दोहराकर वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात किया, गीत के टुकड़े करवाए।

इससे देश तुष्टिकरण की राजनीति की राह पर चल पड़ा, जो विभाजन पर जाकर थमा।' इसी तुष्टि के चलते 1875 में रचित इस गीत के केवल दो पद राष्ट्रीय गीत के रूप अपनाए गए। मोदी के इस कथन ने इतिहास के इस काले पन्ने पर जमा धूल को हटाने का काम नए सिरे से कर दिया है। जबकि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम् की भावना ने पूरे राष्ट्र का जागरण किया था, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में इस गीत के महत्वपूर्ण पदों को उसकी आत्मा के एक हिस्से को अलग कर दिया गया था। जिस भाव से वंदे मातरम् के टुकड़े किए गए थे, कालांतर में उसी भाव ने विभाजन के बीज बो दिए थे। जबकि यह ठोस और निर्विवाद सच्चाई है कि देश को आजादी दिलाने में इस गीत की अहम् भूमिका रही है। बंकिमचंद्र चटर्जी के बांग्ला भाषा में लिखे गए उपन्यास 'आनंद मठ' में यह गीत दर्ज है। राष्ट्रगान के रूप में स्वीकारा गया यह गीत कोई मामूली गीत नहीं है। भारत को उसकी व्यापक राष्ट्रीयता की पहचान और स्वाभिमान इसी गीत से प्राप्त हुए। नागरिक सभ्यता की विरासत, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानव सेवा के मूल्यों के उत्स इसी गीत के समवेत स्वर की उपज हैं। अंग्रेजों के विरुद्ध भिन्न जातीय और धर्म-समुदायों को संगठित करने के अभियान में इसी गीत की भूमिका बुलंद थी। तय है, वंदे मातरम् क्रांति के स्वरों में नींव का पत्थर था। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की रक्त धमनियों में विद्रोह की उग्र भावना इसी गीत की देन है। 1942 में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन को देशव्यापी धरातल इसी गीत के बूते मिला था। वह यही आंदोलन था, जिसमें गांधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। यह नारा गांधी के अहिंसा के सिद्धांत पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करने वाला भी माना जाता है। सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज के फौजियों ने भी इसी गीत को गाते हुए मातृभूमि की बलिवेदी पर प्राण न्यौछावर किए थे। हालांकि महात्मा गांधी 1905 में ही लिख चुके थे कि वंदे मातरम् इतना लोकप्रिय हो गया है कि वह राष्ट्रगान जैसा बन गया है। 14 अगस्त 1947 की मध्य-रात्रि में जब देश आजाद हो रहा था, तब इस मंत्र-गीत का गायन सुचेता कृपलानी ने किया और वहां उपस्थित लोग इस गीत के सम्मान में गीत खत्म न हो जाने तक खड़े रहे थे। 15 अगस्त 1947 को जब स्वतंत्रता का सूर्योदय हो रहा था, तब आकाशवाणी पर पंडित ओंकारनाथ ठाकुर ने इसे बड़े ही रोचक ढंग से गाया। आखिरकार 24 अगस्त 1948 को जन-गण-मन के साथ इस गीत को भी राष्ट्र गीत की प्रतिष्ठा मिली। लेखक और दार्शनिक युगदृष्टा होते हैं, इसलिए बंकिम बाबू ने इस गीत को लिखे जाने




के वक्त ही अपनी दिव्य-दृष्टि से अनुभव कर लिया था कि यह गीत राष्ट्रीय आंदोलन का हिस्सा बनकर लोकप्रियता के शिखर चूमेगा, इसीलिए उन्होंने इसे बांग्ला भाषा में न लिखते हुए संस्कृत में लिखा। मूल और संपूर्ण गीत की केवल नौ पंक्तियां बंगाली में हैं। इस गीत का जो संपादित अंश राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकार किया गया है, वह केवल दो पद और आठ पंक्तियों में है। वंदे मातरम् को इस्लाम विरोधी जताया जाता रहा है। जब कांग्रेस ने इसे प्रार्थना गीत के रूप में स्वीकार किया था, तब भी इसकी खिलाफत शुरू हो गई थी। 15 अक्टूबर 1937 को लखनऊ में मोहम्मद अली जिन्ना ने वंदे मातरम् का विरोध किया। वस्तुतः नेहरू ने इस विरोध के पांच दिन बाद ही सुभाष बोस को लिखे एक पत्र में कहा कि 'आनद मठ में उल्लेखित वंदे मातरम् की पृष्ठभूमि मुसलमानों को उकसा सकती है।' इसी के बाद कांग्रेस कार्यकारिणी ने आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। इसमें मौलाना आजाद, पंडित नेहरू और सुभाष चन्द्र बोस जैसे प्रखर संस्कृति मर्मज्ञ सदस्य थे। समिति को जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि वे रवीन्द्रनाथ ठाकुर से विचार-विमर्श कर वंदे मातरम् के संबंध में दो टूक सलाह दें। समिति ने जो प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, उसके उपरांत कांग्रेस कार्यकारिणी ने फैसला लिया कि हरेक राष्ट्रीय सार्वजनिक सभा में वंदे मातरम् के केवल दो पद गाये जाएं। यानी कांग्रेस मुस्लिम लीग के समक्ष झुकी और मुस्लिम तुष्टिकरण की राह पकड़ ली। तुष्टि का यही रास्ता देश को विभाजन के द्वार तक ले गया। बावजूद देश-विभाजन के लिए जिम्मेदार मुस्लिम लीग के नेता वंदे मातरम् को बुतपरस्ती, अर्थात मूर्ति पूजा मानते हुए इसका विरोध लगातार करते रहे। इस बहाने लीगियों ने अल्पसंख्यकों को खूब उकसाया। नतीजतन 1938 तक कांग्रेस के जो प्रमुख मुस्लिम नेता इस गीत की राष्ट्रीय गरिमा का ख्याल रखते चले आ रहे थे, वे भी दबी जुबान से इसका विरोध करने लगे। बाद में साझा सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के नजरिये से उर्दू के उदारवादी कवियों व राजनीतिकों ने वंदे मातरम् का अनुवाद 'ऐ मादर, तुझे सलाम करता हूं' किया, अर्थात हे माता, तुझे प्रणाम करता हूं करके किया,लेकिन कट्टरपंथियों के भाव उतरा नहीं। जबकि मुल्क को गुलामी से आजाद कराने की इस इबादत में गलत कुछ भी नहीं था। अरबी-फारसी के अनेक कवियों ने भी देश को 'मां' कहकर संबोधित किया है। लिहाजा राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाओं व उद्गारों को प्रचलित रूपकों अथवा प्रतीकों में प्रकट करना मूर्ति पूजा या बुतपरस्ती कतई नहीं थी। वंदे मातरम् एक मौलिक रचना है, इसकी व्याख्या धर्म नहीं, केवल साहित्य के संदर्भ में होनी चाहिए थी। इसे यदि कोई सांसद या विधायक इस्लाम विरोधी जताता है, तो उसका मकसद धर्म के बहाने राजनीतिक रोटियां सेंकना भर था, जो अलगाववादी राजनीति की संकीर्ण मानसिकता का प्रतीक है। जिन्ना और अन्य लीगी इसी विभाजनकारी मानसिकता से काम करते रहे और देश दो टुकड़ों में बंट गया। स्वतंत्र भारत में निर्वाचित कुछ मुस्लिम सांसद और विधायक संविधान की शपथ लेने के बाद भी सदन में इस गीत का अनादर करते रहते हैं। ऐसे ही चंद सिरफिरे मुस्लिमों ने आजाद हिंद फौज के नारे, 'जय हिंद' का भी विरोध किया था। दैनिक अखबार 'डान' ने वंदे मातरम् की आलोचना की थी, तब गांधी को कहना पड़ा था, 'वंदे मातरम् कोई धार्मिक नारा नहीं है, यह विशुद्ध राजनीतिक नारा है।' यही नारा था, जिसने सोये हुए भारत को जगाने का काम करके, आजादी हासिल कराई थी। अतएव संसद में इस गीत के इतिहास में झांकने की बहस को एक सबक के रूप में लेना चाहिए,जिससे भविष्य में देश की संप्रभुता एवं अखंडता से खिलवाड़ की गुंजाइश ही नहीं रह जाए?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. लोकेन्द्र सिंह



# भाषा जोड़ती है, तोड़ती नहीं

जब कहीं से यह समाचार पढ़ने/सुनने को मिलता है कि मराठी, तमिल या अन्य कोई भाषा नहीं बोलने के कारण व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी गई, तो दुःख होता है कि संकीर्ण राजनीति हमें किस दिशा में ले जा रही है। हम अपनी ही भाषाओं का सम्मान क्यों नहीं कर रहे हैं? जो भाषाएं आपस में जुड़ी हैं, उनके नाम पर हम एक-दूसरे से दूर क्यों हो रहे हैं? भारत की सभी भाषाओं के शब्द भंडार एक-दूसरे के शब्दों से समृद्ध हैं। हमें तो भाषायी विविधता का उत्सव मनाना चाहिए। भारत की संस्कृति की विशेषता है कि वह विविध रूपों में प्रकट होती है। हम सब मिलकर 11 दिसंबर को महान तमिल कवि सुब्रह्मण्यम भारती की जयंती प्रसंग पर 'भारतीय भाषा दिवस' मनाते हैं। यह प्रसंग ही हमें भाषाओं के प्रति संवेदनशील होने की ओर संकेत करता है और बताता है कि भाषाएं मानवीय संबंधों में सेतु का कार्य करती हैं। एक-दूसरे से जोड़ती हैं। सुब्रह्मण्यम भारती ने तमिल को शास्त्रीय स्वरूप से बाहर निकालकर सरल और आम बोलचाल की तमिल का प्रयोग किया ताकि उनके विचार और तमिल साहित्य का ज्ञान आम लोगों तक पहुंच सके। तमिल को प्राथमिकता देने के बावजूद भारती ने हिन्दी और तेलुगु सहित अन्य भारतीय भाषाओं के प्रति भी सम्मान दिखाया। वह चाहते थे कि सभी भारतीय भाषाओं के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान हो, जिससे भारत एक सशक्त राष्ट्र बन सके। उनका स्पष्ट दृष्टिकोण था कि भारत की विभिन्न भाषाएं उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी शक्ति और सुंदरता हैं। भाषा मनुष्यों के बीच विचारों, भावनाओं और सूचनाओं के सुचारु आदान-प्रदान को संभव बनाती है। यदि भाषा न हो, तो यह सब संभव नहीं हो सकता। भाषा को लेकर अगर हम किसी संकीर्ण विचार से ग्रसित नहीं है, तब यह हमें एक अलग दुनिया की सैर कराती है, जहां एक-दूसरे के प्रति सम्मान है, अपनत्व है, एक-दूसरे से जुड़ने की ललक है। आपने कभी सोचा है कि कितना अपनापन लगता है जब कोई हमारी मातृभाषा में बात करता है या फिर हम सामने वाले की मातृभाषा में बात करने की कोशिश करते हैं। सच, मानिए यह पहल हृदयों को मिलाने का काम करती है। भारतीय राजनीति में इसका उदाहरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में हमारे सामने है। संपूर्ण देश में उनकी लोकप्रियता का कारण है कि वे जिस स्थान पर और जिन लोगों के बीच भाषण दे रहे होते हैं, उनके साथ संवाद स्थापित करने के लिए अभिवादन उनकी ही भाषा में करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्षों को सोशल मीडिया पर बधाई-शुभकामना एवं अन्य विषयों से जुड़े महत्वपूर्ण पोस्ट भी उनकी ही भाषा में करते हैं। यानी देश-दुनिया को जोड़ने के लिए भाषा को बेहतरीन उपयोग हम प्रधानमंत्री मोदी से सीख सकते हैं। अनुवाद और बहुभाषावाद के माध्यम से भाषाएं सांस्कृतिक दूरियों को कम करती हैं। एक भाषा सीखना दूसरे समुदाय के विचारों और जीवनशैली को समझने का द्वार खोलता है, जिससे हमारे पूर्वाग्रह भी कम होते हैं। इसलिए व्यक्ति को अपनी मातृभाषा के अलावा दूसरी भाषा सीखने का प्रयास भी करना चाहिए। 'भाषा जोड़ती है, तोड़ती नहीं', यह आदर्श विचार इस दृष्टिकोण पर आधारित है कि भाषा लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने, भावनाएं साझा करने और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में सहायता करती है। भाषा के नाम पर भारतीय समाज को तोड़ने की साजिश का हिस्सा बन रहे लोगों को यह बात भली प्रकार से समझनी चाहिए। उन्हें अपनी ऊर्जा भारतीय भाषाओं को समृद्ध करने में लगाना चाहिए। विशेषकर, संकीर्ण राजनीति के प्रभाव में आकर हिन्दी का विरोध करने वाले बंधुओं को यह देखना चाहिए कि हिन्दी का विकास एवं विस्तार अहिन्दी भाषी महानुभावों ने अधिक किया है, जिनमें प्रमुख हैं- स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, माधवराव सप्रे, विनोबा भावे, गोपालस्वामी अय्यंगर, डॉ. चलसानि सुब्बाराव, काका कालेलकर, आर. वेंकटरमण, ज्योतिराव फुले इत्यादि। हिन्दी की पहली कहानी 'एक टोकरी भर मिट्टी' के रचनाकार प्रख्यात पत्रकार माधवराव सप्रे संदेश देते हैं कि "मैं मराठी हूँ लेकिन हिन्दी के विषय में मुझे उतना ही अभिमान है, जितना किसी हिन्दी भाषी को हो सकता है"। वहीं, स्वामी दयानंद सरस्वती मानते थे कि "हिन्दी द्वारा सारे भारत को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है"। इस प्रकार के राष्ट्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो भाषा के वास्तविक उद्देश्यों को स्थापित करता है। स्मरण रखें कि जब भाषा को सम्मान, समावेश और समझ के साथ प्रयोग किया जाता है, तो यह निश्चित रूप से 'जोड़ती' है। हमारे पुरखों ने ऐसा करके दिखाया है। संपूर्ण भारत में इसके अनुकरणीय उदाहरण हमें मिलते हैं। इसलिए हमें अपनी भाषाई विविधता का उत्सव मनाना चाहिए और हर भाषा को सम्मान देना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक भाषा एक अनमोल सांस्कृतिक खजाना है। हम एक-दूसरे की भाषा को सीखें, समझें और भावनाओं से लेकर शाब्दिक आदान-प्रदान करें।

(लेखक माखनलाल चतुर्वेदी विवि में सहायक प्राध्यापक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र



संकलित
दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मानवाधिकार दिवस का औचित्य

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 को पेरिस में एक घोषणा पत्र जारी किया था। इसमें मानवाधिकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पहल की गई थी। इसमें यह चीजें थी कि दुनियाभर में किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव न करते हुए सभी लोगों को बराबर अधिकार उपलब्ध करवाए जाएं। आज दुनिया में बहुत से देश ऐसे भी हैं जहां के नागरिक स्वतंत्रता, समानता और न्याय के अधिकारों से वंचित होंगे। इसका मुख्य कारण यह है कि वहां लोकतंत्र मजबूत नहीं है। खासतौर पर महिलाओं, बच्चों और मजदूरों को इससे वंचित रखा जाता है। मानवाधिकार आयोग को दुनिया में होने वाले युद्धों के लिए भी कोई ऐसे कदम उठाने चाहिए कि किसी भी देश में कोई युद्ध न छेड़े। तभी इस दिवस का औचित्य है। - *सतीश उपाध्याय, अंबिकापुर*

## ट्रेंड

### सभ्यता की आत्मा

हमारे लिए, दीपावली हमारी संस्कृति और लोकाचार से बहुत गहराई से जुड़ी हुई है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में दीपावली के शामिल होने से इस त्यौहार की वैश्विक लोकप्रियता और भी बढ़ जाएगी।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### गौरव का क्षण

दीपावली का यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होना हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। यह हमारी सनातन संस्कृति, प्रकाश, सत्य और धर्म के शाश्वत मूल्यों की वैश्विक स्वीकार्यता है। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति का विश्व मंच पर उत्सव है।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री



### वोट चोरी बड़ा देशद्रोह

वोट चोरी सबसे बड़ा देशद्रोह है। भारत न केवल दुनिया का सबसे बड़ा बल्कि सबसे महान लोकतंत्र है। भाजपा और चुनाव आयोग हमारे लोकतंत्र को नष्ट करने और लोगों की आवाज़ छीनने के लिए मिलीभगत कर रहे हैं।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### इंडिगो घटनाक्रम शर्मनाक

इंडिगो एयरलाइंस का पूरा घटनाक्रम बेहद शर्मनाक रहा। पूरी दुनिया भारत की तरफ़ देख रही थी कि हम अपनी एयरलाइंस तक संभाल नहीं पा रहे। एक निजी कंपनी ने भारत सरकार को घुटनों पर ला दिया।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम,नई दिल्ली



## करंट अफेयर

### फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति सरकोजी ने जेल के अनुभव किए साझा




फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी ने अपनी एक किताब में उस जेल का वर्णन किया है, जहां उन्होंने 20 दिन बिताए थे। सरकोजी ने जेल को शोरगुल वाली जगह, कठोर और अमानवीय हिंसा से भरी दुनिया बताया है। सरकोजी की इस पुस्तक का बुधवार को विमोचन किया गया जिसमें इस बारे में राजनीतिक सलाह भी दी गई है कि उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को धुर दक्षिणपंथी मतदाताओं को कैसे आकर्षित करना चाहिए।
'डायरी ऑफ ए प्रिजनर' नामक इस पुस्तक में 70 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति ने कहा है कि अपराध के प्रति उनके अपने सख्त रुख ने एक नया रूप ले लिया है। सरकोजी को 2007 के अपने विजयी चुनावी अभियान को लीबिया से प्राप्त धन से वित्तपोषित करने के मामले में आपराधिक साजिश का दोषी पाया गया था। अदालत ने सितंबर में सरकोजी को पांच साल की जेल की सजा सुनाई, जिसके खिलाफ उन्होंने अपील की। करीब 20 दिन जेल में बिताने के बाद उन्हें न्यायिक निगरानी में रिहा कर दिया गया। यह पुस्तक पेरिस की ला सैंटे जेल के अंदर की दुर्लभ झलक पेश करती है, जहां सरकोजी को एकांत कारावास में रखा गया था और सुरक्षा कारणों से उन्हें अन्य कैदियों से सख्ती से अलग रखा गया था।

## ऑफ बीट

### बीएमआई नहीं बता सकता कि हम स्वस्थ हैं या नहीं

हम जानते हैं कि 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) किसी के वजन और उससे जुड़े स्वास्थ्य के आकलन के लिए उपयुक्त प्रक्रिया नहीं है, लेकिन यह



चिकित्सकों, जनसंख्या शोधकर्ताओं और निजी प्रशिक्षकों के लिए यह उपयोगी उपकरण बना हुआ है। बीएमआई लोगों को चार वजन श्रेणियों में वर्गीकृत करने की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जांच विधि है : कम वजन (बीएमआई 18.5 से कम), सामान्य वजन (18.5 से 24.9), अधिक वजन (25.0 से 29.9) या मोटापा (30 या अधिक)। किसी के वजन को उसकी लंबाई के वर्ग से विभाजित करके इसका पता लगाया जाता है। बेल्जियम के गणितज्ञ लैम्बर्ट एडोल्फ जैकस क्यूटलेट (1796-1874) ने औसत पश्चिमी यूरोपीय व्यक्ति की शारीरिक विशेषताओं का पता लगाने के लिए 1832 में एक गणितीय मॉडल 'बीएमआई' को इजाद किया था। इसे शुरू में क्यूटलेट इंडेक्स कहा गया और इसे कभी भी चिकित्सकीय आकलन का उपकरण नहीं माना गया। 1972 में क्यूटलेट इंडेक्स को 'बॉडी मास इंडेक्स' कहा गया। गणितीय सूत्र का उपयोग करके किसी के स्वास्थ्य का पूरा आकलन करना संभव नहीं है। बीएमआई शरीर की अतिरिक्त चर्बी को नहीं मापता, यह केवल 'अतिरिक्त' वजन को मापता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# लिवरपूल की आत्मविश्वासी जीत, इंटर मिलान को दी मात

**चैंपियंस लीग : बार्सिलोना और बायर्न म्यूनिख ने की शानदार वापसी, मनाया जीत का जश्न**

एजेंसी ▶▶| लंदन



स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह को टीम से बाहर किए जाने के बावजूद लिवरपूल ने पेनल्टी पर किए गए गोल के दम पर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में इंटर मिलान को 1-0 से हराकर आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत हासिल की। बार्सिलोना और बायर्न म्यूनिख ने भी शानदार वापसी करते हुए जीत का जश्न मनाया, जबकि चेल्सी को हार का सामना करना पड़ा।

लिवरपूल की तरफ से नियमित पेनल्टी लेने वाले सालाह के टीम से बाहर होने के कारण डोमिनिक स्ज़ोबोस्ज़लाई को यह भूमिका निभानी पड़ी। उन्होंने हालांकि टीम को निराश नहीं किया और 88वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके प्रतियोगिता में अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों में शामिल इंटर मिलान के विजय अभियान पर रोक लगाई।

### 17 वर्षीय कार्ल का शानदार प्रदर्शन जारी

बायर्न म्यूनिख के 17 वर्षीय मिडफील्डर लेनार्ट कार्ल ने चैंपियंस लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे उनकी टीम ने स्पोर्टिंग लिस्बन पर 3-1 से जीत हासिल की। इससे बायर्न आर्सेनल के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। कार्ल ने चैंपियंस लीग के चार मैचों में तीसरा गोल किया। स्पोर्टिंग को जोशुआ किमिच के आत्मघाती गोल से बढ़त मिलने के बाद बायर्न ने 12 मिनट में तीन गोल दागकर मैच का रुख पलट दिया। सर्ज ग्नाब्री ने 65वें मिनट में बायर्न के लिए बराबरी का गोल दागा। इसके बाद 69वें मिनट में कार्ल ने और 77वें मिनट में डिफेंडर जोनाथन टाह ने गोल किए। चेल्सी को लगभग तीन महीने में पहली बार चैंपियंस लीग में हार का सामना करना पड़ा।

## लगातार दूसरी बार एमएलएस के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मेस्सी



फोर्ट लॉडरडेल। इंटर मियामी के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में लगातार दूसरी बार साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अर्जेंटीना के इस 38 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन से उनकी टीम इंटर मियामी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार हासिल करने में सफल रही। एमएलएस कप चैंपियन टीम के कप्तान मेस्सी एमएलएस के इतिहास में लगातार दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (एमवीपी) का खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें लीग के इस साल के सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान का विजेता घोषित किया गया। मेस्सी ने अपने साथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके बिना यह पुरस्कार जीतना संभव नहीं था। वह लीग के इतिहास में दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बन गए हैं। उनसे पहले प्रेकी ने 1997 और 2003 में यह पुरस्कार जीता था।

## खबर संक्षेप



### कार्तिक बने लंदन स्पिरिट के मेंटर

**लंदन।** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को द हंड्रेड की टीम लंदन स्पिरिट का मेंटर (मार्गदर्शक) और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने यह घोषणा की है। कार्तिक पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग से इतर सहयोगी स्टाफ की भूमिका निभाएंगे। वह आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ इसी भूमिका में काम करते हैं। लंदन स्पिरिट के क्रिकेट निदेशक बोबाट ने कहा, 'डीके (दिनेश कार्तिक) का लंदन स्पिरिट में स्वागत करना हमारे लिए खुशी की बात है। उन्हें क्रिकेट का बहुत अच्छा ज्ञान है और खेल के सबसे छोटे प्रारुप में फ्रेंचाइजी क्रिकेट में उनका व्यापक अनुभव हमारे लिए अमूल्य साबित होगा।'' कार्तिक ने आईपीएल 2024 के बाद घरेलू क्रिकेट में एक खिलाड़ी के रूप में अपना करियर समाप्त कर दिया था, लेकिन वे अन्य लीग में खेलते हैं। 40 वर्षीय कार्तिक वर्तमान में यूएई की आईएलटी20 लीग में शारजाह वॉरियर्स की टीम में शामिल हैं।

### 16 फरवरी से भारतीय निशानेबाजी लीग


**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) के पहले सत्र का आयोजन अगले साल 16 से 26 फरवरी तक किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने यह जानकारी दी। बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से टकराव से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल



महासंघ(आईएसएसएफ) के 2026 कैलेंडर के हिसाब से तारीखें तय की गई हैं। लीग को इससे पहले 2026 की शुरुआत तक टाल दिया गया था। फ्रेंचाइजी आधारित इस लीग में कई शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज पिस्टल, राइफल और शॉटगन वर्ग में मिश्रित टीम प्रारुप में मुकाबला करेंगे। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, 'एसएलआई हमारे खेल के लिए एक मील का पत्थर है, जो फ्रेंचाइजी आधारित, खिलाड़ियों को तरजीह देने वाला है और अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व के लिए वैश्विक कैलेंडर के हिसाब से है।'

### 9 मार्च से पहली राष्ट्रमंडल खो-खो चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** अगले साल 9 से 14 मार्च तक भारत में होने वाली पहली राष्ट्रमंडल खो-खो चैंपियनशिप में 24 से ज्यादा देश शिरकत करेंगे। हालांकि इसके लिए भारत में जगह अभी तय नहीं हुई है। राष्ट्रमंडल खेल (सीएस) की भारत में



चैंपियनशिप के लिए मंजूरी मिलने के बाद भारतीय खो-खो महासंघ जगह तय करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहा है। इस टूर्नामेंट में पुरुषों की 16 और इतनी ही महिलाओं की टीम हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट इस साल जनवरी में दिल्ली में हुए पहले खो-खो विश्व कप की तरह होगा, जिसमें 23 देशों ने हिस्सा लिया था।

## टीम इंडिया को सीरीज में अजेय बढ़त का मौका, भिड़ंत शाम 7 बजे से

# शुभमन की धुआंधार पारी का इंतजार द.अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़)

अभी तक सबसे छोटे प्रारुप में अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 दिसंबर को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने घरेलू मैदान पर फॉर्म में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पांच मैचों की इस श्रृंखला के पहले दो मैचों के बीच केवल एक दिन का अंतराल है और ऐसे में गिल को सीधे मैदान पर उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

भारत ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से करारी शिकस्त दी लेकिन सितंबर में एशिया कप में टी20 टीम में वापसी करने वाले गिल का औसत प्रदर्शन अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन टी20 में वह अपनी इस सफलता को नहीं दोहरा पाए हैं, जिससे उन पर दबाव बनना स्वाभाविक है।



### अभिषेक का शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन

संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, फिर भी टीम प्रबंधन ने गिल की टी20 सलामी बल्लेबाज के रूप में क्षमता पर अधिक भरोसा दिखाया। इसके बाद संजू की टीम में जगह अनिश्चित हो गई। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल आसानी से वह भूमिका निभा सकते हैं, जो विराट कोहली ने पिछले साल टी20 विश्व कप तक भारत के लिए निभाई थी। भारतीय टीम में आठवें नंबर तक बल्लेबाजी के विकल्प मौजूद हैं और उसने अब अपने निडर दृष्टिकोण को और मजबूत कर लिया है, जिससे एक सूत्रधार के लिए बहुत कम जगह बची है। गिल निश्चित रूप से पावरप्ले में अभिषेक शर्मा की तरह आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं और इसलिए उन्हें यह पता लगाना होगा कि वह अपनी भूमिका कैसे अच्छी तरह निभा सकते हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भी अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले विश्व कप से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। उनका विश्व कप से पहले फॉर्म में लौटना भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्लेबाजी चिंता का विषय

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्लेबाजी चिंता का विषय होगा क्योंकि उसकी टीम 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 74 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्क्रम ने भी स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज परिस्थितियों के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए। मार्क्रम ने पहले मैच के बाद कहा, 'आजकल टी20 क्रिकेट में चीजों को समझने का ज्यादा समय नहीं मिलता। लेकिन सबसे बड़ा कारण स्पष्ट रूप से साझेदारी न बना पाना, विकेट गिरने के बाद संभल न पाना और लय न बना पाना था। हमें इस पर गौर करना होगा।'

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, संजू सैमसन।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, लूथो सिपाम्ला, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, रीजा हेंड्रिक्स, कॉर्बिन बॉश, ओटनील बार्टमैन।

## आईसीसी रैंकिंग

# रोहित टॉप पर बरकरार दूसरे स्थान पर कोहली



एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने 10 दिसंबर को हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी कर दी हैं। इस बार की रैंकिंग में एक खास नजारा देखने को मिला है। वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में रोहित शर्मा टॉप पर बरकरार हैं, वहीं विराट कोहली दूसरे स्थान पर आ गए हैं। रोहित के 781 रेटिंग पॉइंट्स हैं तो विराट के हैं 773 रेटिंग अंक। वहीं केएल राहुल अब 14वें से 12वें स्थान पर आ गए हैं तो श्रेयस अय्यर को नुकसान हुआ है। अय्यर चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे हैं। वह अब 9वें से 10वें स्थान पर खिसक गए हैं। टीम इंडिया के वनडे कप्तान शुभमन गिल पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। इसके अलावा टी20 इंटरनेशनल में अभिषेक शर्मा नंबर 1 पर अपनी बादशाहत को बरकरार रखे हुए हैं।

### चक्रवर्ती बिना किसी प्रतिस्पर्धा के नंबर 1 पर

उनके अलावा टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती 782 रेटिंग अंक के साथ बिना किसी प्रतिस्पर्धा के नंबर 1 पर बने हुए हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर हैं जैकब डफी जिनके 699 अंक हैं। टेस्ट गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह टॉप पर हैं और टेस्ट ऑलराउंडर में रविंद्र जडेजा टॉप पर काबिज हैं।

**कुलदीप और पंड्या को फायदा :** लदीप यादव को भी ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में उन्हें साउथ अफ्रीका वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फल मिला है। वह अब छठे से तीसरे स्थान पर आ गए हैं। टॉप 10 वनडे गेंदबाजों में कुलदीप अकेले भारतीय बॉलर हैं। अगर हार्दिक पंड्या की बात करें तो साउथ अफ्रीका के खिलाफ कटक टी20 में उन्होंने वापसी ही की थी। वापस आते ही 28 गेंद पर उन्होंने 59 रन बनाए। अगले ही दिन अब टी20 ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में हार्दिक सातवें से चौथे स्थान पर आ गए। टीम रैंकिंग में भारत वनडे और टी20 में नंबर 1 पर बरकरार है।

## वेलिंगटन टेस्ट

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 205 रन पर समेटा



एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर के चोटिल होने से पहले किए गए शानदार प्रदर्शन की मदद से वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन बुधवार को पहली पारी में 205 रन पर आउट कर दिया।

टिकनर ने 32 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन क्षेत्ररक्षण करते समय वह गिर गए और उनके कंधे में चोट लग गई। इसके बाद उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। टिकनर को अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे माइकल रे से अच्छा सहयोग मिला। उन्होंने 65 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे वेस्टइंडीज की टीम 75 ओवर में ही सिमट गई।

न्यूजीलैंड ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 24 रन बनाए हैं। उस समय डेवोन कॉनवे 16 और कप्तान टॉम लैथम सात रन पर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड इस तरह से वेस्टइंडीज से पहली पारी में 181 रन पीछे है। टिकनर की चोट से न्यूजीलैंड के चोटिल खिलाड़ियों की सूची में एक और नाम जुड़ गया है। उसकी टीम पहले से ही मैट हेनरी, विल ओरुर्क, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ और काइल जैमीसन जैसे तेज गेंदबाजों के बिना खेल रही हैं। विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह मिशेल हे को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला।

### वेस्टइंडीज ने आखिरी 6 विकेट 29 रन के अंदर गंवाए

कुछ विषम परिस्थितियों के बावजूद पहले टेस्ट को ड्रा कराने वाली वेस्टइंडीज की टीम आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरी लेकिन उसके बल्लेबाज क्राइस्टचर्च में दूसरी पारी की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाए। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद अच्छी शुरुआत की। जॉन कैंपबेल (44) और ब्रैंडन किंग (33) ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े, जो 21 पारियों में वेस्टइंडीज की तरफ से पहले विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। लंच के समय वेस्टइंडीज का स्कोर दो विकेट पर 92 रन और चायकाल तक चार विकेट पर 175 रन था लेकिन इसके बाद उसकी पारी लड़खड़ा गई। उसने अपने आखिरी छह विकेट 29 रन के अंदर गंवाए। पहले टेस्ट की पहली पारी में अर्धशतक और दूसरी पारी में शतक बनाने वाले शाई होप ने टीम की तरफ से सर्वाधिक 48 रन बनाए।

## मानसिक मजबूती की परीक्षा लेती हैं चोटें : हार्दिक

**कटक।** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का मानना है कि चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने के बाद वह सकारात्मक मानसिकता से ही 'दमदार और बेहतर वापसी' करने में सफल रहे। एशिया कप के दौरान चोटिल होने वाले इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम में शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 28 गेंद पर नाबाद 59 रन की तूफानी पारी खेली और फिर 16 रन देकर एक विकेट लिया। भारत ने इस मैच में 101 रन से बड़ी जीत हासिल की। हार्दिक ने कहा, 'मेरी सोच यह थी कि मैं पहले की तुलना में अधिक



दमदार और बेहतर वापसी करूं। चोटें मानसिक रूप से आपकी परीक्षा लेती हैं और साथ ही कई तरह के संदेह भी पैदा करती हैं। इससे उबरने में अपने करीबी लोगों का भी बड़ा योगदान होता है।' उन्होंने कहा, 'मैंने खुद को मजबूत बनाए रखा, जिससे मुझे अधिक आत्मविश्वास मिला तथा खुद पर भरोसा करने और अपनी क्षमताओं पर पूरी तरह से विश्वास करने में मदद मिली है। मुझे एक खिलाड़ी के रूप में खुद पर पूरा भरोसा है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर आप खुद पर विश्वास नहीं करते हैं, तो दूसरे आप पर कैसे विश्वास करेंगे।'

- जूनियर महिला विश्व कप हॉकी : नौवें स्थान के लिए आज भारत का मुकाबला स्पेन से

# गोलकीपर निधि ने बचाए तीन गोल, भारत ने उरुग्वे को हराया

एजेंसी ▶▶| सैंटियागो

गोलकीपर निधि के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पेनल्टी शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराकर जूनियर महिला विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में नौवें स्थान पर रहने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। नौवें से 12वें स्थान के लिए खेले गए इस क्लासिफिकेशन मैच में दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। भारत की तरफ से मनीषा ने 19वें मिनट जबकि उरुग्वे के लिए जस्टिना अरेगुई ने 60वें मिनट में गोल किया। पेनल्टी शूटआउट में भारत की तरफ से पूर्णिमा यादव, इशिका और कनिका सिवाच ने गोल किए, जबकि गोलकीपर निधि ने उरुग्वे के तीन गोल का बचाव करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।



### अंतिम क्वार्टर में उरुग्वे ने खेला खुलकर

अंतिम क्वार्टर में उरुग्वे ने अधिक खुलकर खेलना शुरू किया। जब मैच समाप्त होने में दो मिनट का समय बचा था तब उरुग्वे ने गोलकीपर की जगह एक फील्ड खिलाड़ी को मैदान में उतारा और उसकी यह रणनीति कारगर साबित हुई। अब खेल समाप्त होने में केवल दो सेकंड का समय बचा था कि तभी उरुग्वे को पेनल्टी मिली।

### पहले क्वार्टर में भारत का दबदबा

पहले क्वार्टर में भारत का दबदबा रहा और उसने शुरुआत में ही कई मौके बनाए। हालांकि उरुग्वे को पांचवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। भारत ने 18वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन साक्षी राणा का शॉट विपक्षी गोलकीपर ने रोक दिया। इसके कुछ क्षण बाद ही मनीषा ने हालांकि भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद अगले दो क्वार्टर में दोनों टीम ने गोल करने के लिए कई प्रयास किए नहीं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

## जर्मनी के लिये 26वें मिनट में जस्टस वारवेग ने गोल किया

# स्पेन को हराकर जर्मनी ने आठवीं बार जीता जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

जर्मनी ने बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में बुधवार को स्पेन को शूटआउट में 3-2 से हराकर आठवीं बार जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप जीत लिया। वहीं, भारत को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सेमीफाइनल में भारत को हराने वाली जर्मनी के लिये बेनेडिक्ट गेयेर, एलेक वोन श्वेरिन और बेन हासबाश ने गोल किये जबकि स्पेन के लिये पाब्लो रोमन और जुआन प्राडो ही गोल कर सके। इससे पहले निर्धारित समय में जर्मनी के लिये 26वें मिनट में जस्टस वारवेग ने गोल किया जबकि स्पेन के लिये 54वें मिनट में जी कोरोमिनास ने बराबरी का गोल दागा। जर्मन टीम सात बार (1982, 1985, 1989, 1993, 2009, 2013, 2023) खिताब जीत चुकी है। वहीं स्पेन ने 2005 में रोटरडम और 2023 में भुवनेश्वर और राउरकेला में हुए टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता था। इससे पहले पांचवें और छठे स्थान के मुकाबले में बेल्जियम ने नीदरलैंड को शूटआउट में 4-3 से हराया। निर्धारित समय तक स्कोर 3-3 से बराबर रहने के बाद शूटआउट में बेल्जियम के लिये कप्तान लुकास बाल्थाजार, गुएरलेन हावाक्स, मैक्सिमिलन लैंगर और निकोलस बोगाएर्त्ज ने गोल किये जबकि नीदरलैंड के लिये जेल प्लांटेंगा, जान वान टीलैंड और थिस बाकेर ही गोल कर सके।

### भारत ने अर्जेन्टीना को 4-2 से हरा नौ साल बाद कांस्य पदक जीता



भारत ने अर्जेन्टीना को 4-2 से हराकर जूनियर हॉकी विश्व कप में नौ साल बाद कांस्य पदक जीत लिया है। जर्मनी के हाथों करारी हार के साथ खिताब का सपना टूटने के बाद भारतीय टीम जूनियर हॉकी विश्व कप के कांस्य पदक के मुकाबले के लिए बुधवार को अर्जेंटीना के खिलाफ उतरी और नौ साल बाद पदक पर जीता। पिछले दो विश्व कप में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम गलतियों को दोहराने से बची। सेमीफाइनल में सात बार की चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ की और 1-5 से पराजय झेलनी पड़ी थी। भुवनेश्वर में 2021 में और कुआलालम्पुर में 2023 में हुए जूनियर विश्व कप में भारत क्रमशः फ्रांस और स्पेन से 3-1 से हारकर चौथे स्थान पर रहा था। होबर्ट में 2001 के बाद भारत ने दूसरा और आखिरी खिताब 2016 में लखनऊ में जीता था।




इस नए ग्लोकास9 प्रोटीन को बनाने के बाद, वैज्ञानिक अब कास9 एंजाइम को देख सकते हैं जब वह क्रिस्पआर-कास9 सिस्टम का उपयोग करके आनुवंशिक रोगों और कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज के लिए जीनोम एडिटिंग करता है

*कैंसर और वंशानुगत रोगों का इलाज होगा बेहतर*

# भारतीय वैज्ञानिकों ने बनाया खास क्रिस्पआर प्रोटीन, सुरक्षित जीन थेरेपी में बहुत मददगार

एजेंसी ▶▶ कोलकता

कोलकाता के बोस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने एक नया क्रिस्पआर प्रोटीन बनाया है, जिसका नाम ग्लोकास9 है। यह प्रोटीन जीन एडिटिंग करते समय चमकता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह नई खोज वंशानुगत (जेनेटिक) रोगों और कैंसर के इलाज को बेहतर बनाने में मदद करेगी। क्रिस्पआर-कास9 तकनीक डीएनए को सटीकता से काटती और ठीक करती है, लेकिन वैज्ञानिक अब तक कास9 एंजाइम (जो कि एक आणविक सर्जन की तरह काम करता है) को जीवित कोशिकाओं के अंदर काम करते हुए वास्तविक समय में नहीं देख पा रहे थे। पुराने तरीकों में कोशिकाओं को खोलना या नष्ट करना पड़ता था, जिससे प्रक्रिया को होते हुए देखना असंभव था।

कोशिकाओं को खोलने और नष्ट करने की प्रक्रिया को देखना हुआ आसान

कास9 प्रोटीन कोशिकाओं में जुगनू की तरह हल्की रोशनी उत्पन्न करता है


कंप्यूटर पर जीनोम एडिटिंग का विश्लेषण

## कोशिकाओं को नुकसान किए बगैर होगा काम

शोधकर्ताओं ने बताया कि ये निष्क्रिय एंजाइम के टुकड़े तब फिर से जुड़ जाते हैं जब कास9 सही ढंग से फोल्ड होता है, जिससे प्रकाश उत्पन्न होता है। यह प्रक्रिया जुगनू की हल्की रोशनी की तरह दिखती है। यह चमकने वाली गतिविधि वैज्ञानिकों को जीवित कोशिकाओं, ऊतकों और यहां तक कि पौधों की पत्तियों में भी क्रिस्पआर के काम को बिना नुकसान पहुंचाए ट्रैक करने की अनुमति देती है। टीम ने पाया कि पारंपरिक एंजाइम की तुलना में ग्लोकास9 बहुत स्थिर है और उच्च तापमान पर भी अपनी संरचना और गतिविधि को बनाए रखता है।

## कोशिकाओं के काम पर नजर रखने में मिलेगी मदद

*इस नए ग्लोकास9 प्रोटीन को बनाने के बाद, वैज्ञानिक अब कास9 एंजाइम को देख सकते हैं जब वह क्रिस्पआर-कास9 सिस्टम का उपयोग करके आनुवंशिक रोगों और कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज के लिए जीनोम एडिटिंग करता है। जीन थेरेपी कई जानलेवा वंशानुगत बीमारियों का स्थाई इलाज हो सकती है। जीन थेरेपी के तरीके विकसित करना एक चुनौती बना हुआ था। जीन एडिटिंग को होते हुए देखना- यानी आणविक मशीनरी को जीवित कोशिकाओं के अंदर डीएनए को काटते, ठीक करते और फिर से लिखते हुए देखना- कोशिकाओं को नष्ट किए बिना क्रिस्पआर के काम पर नज़र रखने में मदद कर सकता है।*

### डीएनए मरम्मत की सक्रियता बढ़ाता है

ग्लोकास9 होमोलॉग-निर्देशित मरम्मत की सटीकता को भी बढ़ाता है। यह एक डीएनए मरम्मत प्रक्रिया है जो सिकल सेल एनीमिया और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी आनुवंशिक बीमारियों से जुड़ी वंशानुगत उत्परिवर्तन (म्यूटेशन्स) को ठीक करने के लिए महत्वपूर्ण है। ग्लोकास9 को पौधों के सिस्टम में भी ट्रैक किया जा सकता है।

### गहरे समुद्र की झींगे से बनाया चमकता प्रोटीन

बोस इंस्टीट्यूट के डॉ. बासुदेब माझी के नेतृत्व में हुई यह खोज जीनोम इंजीनियरिंग को देखने और ट्रैक करने की प्रक्रिया में एक नया अध्याय खोलती है। डॉ. माझी की लैब के एक पीएचडी रिसर्चर, अर्कदीप कर्माकर ने यह ग्लोकास9 प्रोटीन डिज़ाइन किया है। उन्होंने गहरे समुद्र के झींगे के प्रोटीन से लिए गए एक विभाजनकारी नैनो-ल्यूसिफरेज एंजाइम को कास9 के साथ मिलाकर कास9 का एक बायोलुमिनसेंट (चमकने वाला) संस्करण बनाया है।

पीएम मोदी से इंटेल और टेक कंपनी कॉग्निजेंट के शीर्ष अधिकारियों ने की मुलाकात

# विश्व में भारत बनेगा चिप सुपरपावर: इंटेल प्रतिभाओं को देंगे पर्याप्त अवसर: कॉग्निजेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉग्निजेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि कुमार एस और इंटेल के सीईओ लिप-बू टैन के दिग्गजों नेपीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इन सभी ने भारत में निवेश बढ़ाने और अपने परिचालन के विस्तार का आश्वासन दिया। पीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इंटेल कॉर्पोरेशन के सीईओ लिप-बू टैन से मिलकर खुशी हुई। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की यात्रा के प्रति इंटेल की प्रतिबद्धता का स्वागत है।

मुझे विश्वास है कि हमारे युवा प्रौद्योगिकी के लिए एक नवाचार-संचालित भविष्य के निर्माण में इंटेल के साथ मिलकर उत्कृष्ट कार्य करेंगे। इंटेल के सीईओ लिप-बू टैन ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान कहा कि वह भारत में अपनी मौजूदगी और बढ़ाएगा। बैठक में इंटेल ने भारत में एआई-पीसी तकनीक को तेजी से बढ़ाने पर जोर दिया साथ ही कहा कि भविष्य में भारत चिप उत्पादन में सुपरपॉवर बनेगा। इंटेल भारत में टाटा समूह के साथ अपने डिजाइन किए गए उत्पादों चिप, सेमीकंडक्टर आदि का निर्माण, असेंबली और पैकेजिंग करेगी।

पीएम मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की यात्रा के प्रति इंटेल की प्रतिबद्धता का स्वागत है। मुझे विश्वास है कि हमारे युवा प्रौद्योगिकी के लिए एक नवाचार-संचालित भविष्य के निर्माण में इंटेल के साथ मिलकर उत्कृष्ट कार्य करेंगे


इंटेल सेमीकंडक्टर डिजाइन, निर्माण और पैकेजिंग में देगी सहयोग

कॉग्निजेंट ने देश के उभरते शहरों में विस्तार के लिए प्रतिबद्धता जताई


पीएम मोदी से मुलाकात करते इंटेल के सीईओ लिप-बू टैन

### भारत कॉग्निजेंट की साझेदारी का स्वागत

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि कॉग्निजेंट के रवि कुमार एस और राजेश वारियर के साथ उनकी एक शानदार बैठक हुई। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य के क्षेत्रों में कॉग्निजेंट की निरंतर साझेदारी का स्वागत करता है। हमारे युवाओं का एआई और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना भविष्य में एक जीवंत सहयोग की नींव रखता है।


पीएम मोदी से कॉग्निजेंट के रवि कुमार एस (बाएं) और राजेश वारियर ने मुलाकात की।

### सेमीकंडक्टर मिशन का समर्थक: इंटेल

*वहीं, इंटेल कॉर्पोरेशन के सीईओ लिप-बू टैन ने 'एक्स' पर लिखा कि वह नई दिल्ली में पीएम मोदी से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान प्रौद्योगिकी, कंप्यूटिंग और भारत की विशाल संभावनाओं से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने पीएम द्वारा व्यापक सेमीकंडक्टर डिजाइन और निर्माण नीति लागू करने की सराहना की और कहा कि इंटेल भारत सेमीकंडक्टर मिशन के समर्थन के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी चाहती है कि आने वाले वर्षों में भारत सिर्फ टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने वाला देश न रहे। बल्कि नई तकनीक बनाने और उत्पादन करने का एक बड़ा केंद्र बन जाए।*

### भारत 2030 तक दुनिया का सबसे बड़ा डेवलपर बनेगा: नडेला

माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 तक दुनिया की सबसे बड़ी डेवलपर कम्युनिटी बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के बढ़ते टैलेंट और नेक्स्ट जेनरेशन एआई इनोवेशन में देश की उभरती नेतृत्व क्षमता को रेखांकित किया।


माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला

### भारत पहले से ही एआई का उपयोग कर रहा

*उन्होंने इसे भारत के लिए एआई का उपयोग कर सामाजिक स्तर पर समाधान विकसित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। नडेला ने कहा कि भारत के डेवलपर्स पहले से ही गिटहब, एज्योर और माइक्रोसॉफ्ट के नए एआई प्लेटफॉर्म का उपयोग उन उन्नत प्रोजेक्ट्स के लिए कर रहे हैं, जो पहले केवल बड़े रिसर्च लैब्स तक सीमित थे।*

### एआई क्षमता बढ़ाने पर चर्चा

कॉग्निजेंट ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि इसके सीईओ रवि कुमार एस और कॉग्निजेंट इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजेश वारियर को पीएम मोदी से मिलने का अवसर मिला। बैठक में एआई को तेजी से अपनाने, एआई क्षमताओं को बढ़ाने तथा शिक्षा एवं कौशल विकास को आगे बढ़ाने पर प्रेरक चर्चा हुई।

इटली के डिप्टी पीएम ने की जयशंकर से मुलाकात

# एआई, साइबर, टेलिकॉम, स्पेस सहित कई क्षेत्रों में हुई बातचीत


जयशंकर और ताजानी फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इटली के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर भारत पहुंचे हैं। तजानी इस साल दूसरी बार भारत दौरे पर पहुंचे हैं। इसका उद्देश्य भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करना है। इटली के डिप्टी पीएम के भारत दौरे को लेकर विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि दिल्ली और मुंबई में उनके कार्यक्रम भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे। बैठक में उच्च स्तरीय बातचीत और लेन-देन पर खुशी जताई और एआई, साइबर, टेलीकॉम, डिजिटल तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन, शिक्षा और अकादमी सहयोग, वैज्ञानिक शोध और युवाओं और पेशेवरों की मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में भारत और इटली के बीच सहयोग की बहुत बड़ी संभावना पर ध्यान दिया।

### साझेदारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को इटली के उप पीएम और विदेश मंत्री एंतोनियो ताजानी से मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह बैठक भारत–इटली संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जयशंकर ने कहा कि ताजानी का लगातार भारत आना यह दिखाता है कि इटली भारत के साथ अपने रिश्तों को बेहद गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि यह निरंतर संवाद दोनों देशों के बीच व्यक्तिगत, राजनीतिक और कूटनीतिक स्तर पर संबंधों को नई दिशा दे रहा है।

### आज जाएंगे मुंबई, शुक्रवार को मुंबई से होंगे रवाना

विदेश मंत्रालय के मुताबिक तजानी गुरुवार को मुंबई जाएंगे और आधिकारिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। तीन दिवसीय भारत दौरे पर अपने सभी आधिकारिक कार्यक्रमों को खत्म करने के बाद वह शुक्रवार को मुंबई से रवाना होंगे। तजानी और जयशंकर ने संयुक्त रणनीतिक एक्शन प्लान (जेएसएपी) 2025-29 के तहत दोनों देशों के बीच बढ़ते द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की थी। दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान और तकनीक, क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच संबंध जैसे क्षेत्रों को लेकर चर्चा की थी।




केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का दावा

# ओमान, न्यूजीलैंड सहित कई देशों के साथ भारत की 'एफटीए वार्ता' अंतिम चरण में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओमान और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की वार्ता अपने अंतिम चरण में है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों के जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि दक्षिण अमेरिकी देश चिली के साथ व्यापार समझौता भी जल्द पूरा होने वाला है। गोयल ने बताया कि न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले शुक्रवार को दिल्ली आने वाले हैं, ताकि दोनों देशों के बीच एफटीए वार्ताओं को अंतिम रूप दिया जा सके। वहीं, ओमान के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) पर तीन प्रमुख दौरों में सहमति बनने के बाद अब कैबिनेट मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है।


मंत्री पीयूष गोयल

### इजराइल के साथ भी वार्ता जारी

भारत और इजराइल ने 2025 में टीओआर (संदर्भ की शर्तों) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद एफटीए वार्ता के औपचारिक पुनरारंभ की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भारत ने हाल के महीनों में कई देशों के साथ एफटीए वार्ताओं में तेजी लाई है। मालदीव के साथ जुलाई 2025 में टीओआर पर हस्ताक्षर किए गए, और अब दोनों देश बातचीत शुरू कर चुके हैं। भारत और कतर भी मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करने के लिए एक अनुबंध को अंतिम रूप दे रहे हैं। साथ ही भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच भी इसी तरह का एक प्रयास चल रहा है।

## उमर और शरजील की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इन पर फरवरी 2020 के दिल्ली में हुए दंगों को हवा देने से संबंधित यूएपीए के तहत मामला दर्ज है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू तथा वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, सिद्धार्थ दवे, सलमान खुर्शीद और सिद्धार्थ लूथरा के दलीलें सुनीं। उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं का कड़ा विरोध करते हुए दिल्ली पुलिस ने कहा कि फरवरी 2020 के दंगे कोई सहज-स्वाभाविक घटना नहीं थे, बल्कि यह भारत की संप्रभुता पर एक 'सुनियोजित, पूर्व-नियोजित और अच्छी तरह डिजाइन किया गया' हमला था।

पुलिस बल को गढ़चिरौली में मिली कामयाबी

# 82 लाख के इनामी 11 नक्सलियों ने कई हथियारों संग किया सरेंडर

एजेंसी ▶▶ गढ़चिरौली

सरकार द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में महाराष्ट्र की गढ़चिरौली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इसके तहत गढ़चिरौली में बुधवार को 82 लाख के इनामी 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। ये सभी नक्सली ने महाराष्ट्र की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि शुक्ला के सामने आत्मसमर्पण किया है। इस दौरान वहां पर एडिशनल डीजी (स्पेशल ऑपरेशंस) चेहरिंग दोरजे, गढ़चिरौली रेंज के डीआईजी अंकित गोयल, एसपी नीलोत्पल और सीआरपीएफ के ऑपरेशंन डीआईजी भी मौजूद थे।

गढ़चिरौली पुलिस को मिली इस बड़ी सफलता को डीजीपी रश्मि शुक्ला ने नक्सलवाद के अंत की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि यह गढ़चिरौली में नक्सलवाद के अंत की शुरुआत है। शुक्ला ने इस बात पर भी जोर दिया कि केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने का लक्ष्य रखा है और राज्य की पुलिस इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सिर्फ इस साल ही 100 से ज्यादा माओवादी गढ़चिरौली में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। बता दें कि गढ़चिरौली महाराष्ट्र का अत्यंत प्रभावित नक्सली इलाका माना जाता है। इतने बड़े स्तर पर नक्सलियों का आत्मसमर्पण पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है।


11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25